CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

मेरठ, गुरुवार 12 मार्च 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के कई शहरों में धुंध, दृश्यता घटी, 15 मार्च से बारिश के आसार पेज 2



अभिषेक-ईशान की जोड़ी ने टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए खेल टाइम्स



लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम सम्पादकीय



टॉप लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान पेज 12

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू सदस्यों का किया रेस्क्यू, तीन अभी भी लापता

■ व्यापारी जहाजों पर हमलों में दो भारतीयों की मौत, एक लापता

**तेल अवीव/तेहरान।** भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रवाना हुआ था।

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रायल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच व्यापारी जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।




### होर्मुज के आसपास संकट गहराया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्र में बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान की कई नौकाओं को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (नैवल माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को अमेरिकी बलों ने ईरान की

■ अमेरिका ने तबाह किए ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाज

कई नौसैनिक नौकाओं पर हमला किया, जिनमें 16 माइन बिछाने वाली नावें शामिल थीं। कमांड ने इस कार्रवाई का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें समुद्र में किए गए हमलों के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रम्प ने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की समुद्री माइन बिछाई गई हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

### दुबई एयरपोर्ट के पास हमले की कोशिश, एक भारतीय समेत 4 घायल

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं।

# जम्मू में फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग, बाल-बाल बचे पूर्व सीएम

**जम्मू।** जम्मू में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग की गई है। फायरिंग की यह घटना जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में हुई, जहां अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी।


जानकारी के अनुसार, फायरिंग के दौरान डा. फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग करने वाले संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रेटर कैलाश इलाके में बुधवार शाम को

■ पुलिस ने फायरिंग करने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार किया

शादी समारोह में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, समारोह स्थल के पास अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया है। फारूक अब्दुल्ला पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है।

### 22वां रोज़ा

## पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा



हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोजे़दार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## गाजियाबाद के रहने वाले हरीश राणा 13 साल से कोमा में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी।

गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन



■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कानून बनाने को कहा

अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर पिता अशोक ने कहा कि हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था। दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डाक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

### प्रो. मिशेल को बैन करे केंद्र, करप्शन इन ज्यूडिशियरी लिखा था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में करप्शन इन द ज्यूडिशियरी नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि एनसीईआरटी के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें। साथ ही, उनके दो अन्य सहयोगी सदस्यों दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार को भी किसी भी तरह से पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल न किया जाए।इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए। प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने अपने 2 सहयोगियों- दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार के साथ मिलकर कक्षा 8 की एनसीईआरटी सोशल साइंस की किताब के पार्ट-2 में सब-चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' तैयार किया था।

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 14वीं, से 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा।

स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा। शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें। ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। किसी के भी सामने हम एक अंगुली दिखाते हैं, तो 4 अंगुलियां अपनी तरफ भी दिखती है। विपक्ष ने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए। शाह ने कहा कि कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे, 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है, तो जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं -शेष पृष्ठ दो पर



■ गृह मंत्री शाह बोले: आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

### कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे, उन्हें विकास नहीं दिखेगा: मोदी

**चेन्नई/कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा

■ खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई

कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में भाजपा की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। मोदी ने कहा कि चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टाम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता।




# बुकिंग के बाद ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलेंडर मिल जा रहा है और यह डिलीवरी की सामान्य साइकिल है।

मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलेंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलेंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही है। कुछ रिफाइनरी 100 फीसदी से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही पैनिक बुकिंग को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं।




■ सरकार का दावा: कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित रूप से जारी

■ एलपीजी की सप्लाई नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

# यूपी में धुंध में सात वाहन टकराए, चार की मौत

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बुधवार सुबह लखनऊ, कानपुर समेत 15 शहरों में धुंध छाई। इसके कारण शाहजहांपुर में बस- कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हुई।

उन्नाव में भी 4 वाहनों की टक्कर में 10 लोग घायल हुए। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट है। उत्तराखंड के देहरादून में दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मार्च में ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, सबसे ज्यादा बाड़मेर में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज गर्मी के साथ-साथ 2 जिलों में हीटवेव और 19 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही तेज गर्मी होने लगी है। ग्वालियर-चंबल में तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

■ राजस्थान में पारा 40 डिग्री सेल्सियस, मप्र में 39 डिग्री से ज्यादा

## संक्षिप्त समाचार

### तरनजीत ने ली दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को 'लोक निवास' में आयोजित एक आधिकारिक समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट के सदस्य, मुख्य सचिव और अमृतसर से आए उनके समर्थक मौजूद रहे। संधू ने विनय कुमार सक्सेना का स्थान लिया है, जिन्हें केंद्र सरकार ने अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले संधू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। संधू ने इस मुलाकात को सुखद बताया और कहा कि गृह मंत्री के साथ सार्वजनिक सेवा, प्रशासन और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### पीएम मोदी ने कभी कंप्रोमाइज नहीं किया: भाजपा

**नई दिल्ली।** संसद में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद ने राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। राहुल के इस वार पर बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने बड़ा पलटवार किया। राहुल ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया, यहां चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अध्यक्ष की भूमिका के बारे में है। कई बार मेरा नाम लिया जा रहा है, मेरे बारे में अपमानजनक बातें कही जा रही हैं, यह सदन भारत की जनता की अभिव्यक्ति है। राहुल ने आगे कहा कि यह सदन किसी एक दल का प्रतिनिधित्व नहीं करता, यह सदन पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार कर रही परंपरा का उल्लंघन: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए अपने प्रस्ताव पर जारी चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गैर मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए और कहा कि सरकार इसमें भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे। उन्होंने कहा कि रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को स्वयं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था। सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए।

### योगी से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

**लखनऊ।** नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

# उप्र के कई शहरों में धुंध, 15 मार्च से बारिश के आसार

## प्रयागराज में 30 मी. दृश्यता, मेरठ में 100 मी. व वाराणसी एयरपोर्ट पर 500 तक रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बुधवार सुबह अचानक धुंध और कोहरे की मोटी परत छा गई, जिससे धूप लगभग लुप्त हो गई और कई जगहों पर दृश्यता काफी कम हो गई। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, मेरठ और आगरा समेत कई जिलों में लोगों को धुंध का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार धुंध की वजह से कुछ स्थानों पर दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। प्रयागराज में यह करीब 30 मीटर, मेरठ में 100 मीटर और वाराणसी एयरपोर्ट पर लगभग 500 मीटर तक रह गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में इस तरह की स्थिति पहले भी 2008 में देखने को मिली थी। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि नम पूर्वी हवाओं से आई नमी की वजह से दिन के समय भी प्रदेश के कई हिस्सों में धुंध और कोहरा बना रहा। उन्होंने कहा कि



यह स्थिति अगले दो दिनों तक जारी रह सकती है। वहीं अगले 4-5 दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, जिससे गर्मी का असर बना रहेगा। हालांकि 15 मार्च के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दिन में तेज गर्मी और रात में अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के कारण रेडिएशन फॉग की स्थिति बन रही है। इस प्रक्रिया में हवा में मौजूद नमी रात के समय जमीन के पास छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि शांत हवाएं इस धुंध को लंबे समय तक बनाए रखती हैं, जबकि हवा में मौजूद धूल और प्रदूषण के कण नमी को जमने में मदद करते हैं, जिससे सुबह के समय धुंध और कोहरा जैसा मौसम बन जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर और गाजीपुर के बाहरी इलाकों में भी मंगलवार सुबह से धुंध छाई रही। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार पश्चिमी हवाओं और हवा में बढ़ी नमी की वजह से पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र के पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी और बहराइच जैसे जिलों में भी धुंध देखी गई। वहीं बुंदेलखंड के हमीरपुर, ओराई, बांदा और महोबा समेत कई इलाकों में सुबह करीब 9 बजे तक घनी धुंध बनी रही और विजिबिलिटी कुछ मीटर तक सीमित हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि मार्च के तीसरे सप्ताह में संभावित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## सीएम योगी के निर्देश पर प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें सक्रिय

# गैस, पेट्रोल व डीजल की अफवाह पर छापेमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों और संभावित कालाबा. जारी को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें प्रदेश भर में सक्रिय हो गई हैं।

नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। कई स्थानों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की सप्लाई सुचारु रूप से जारी रहे और कहीं भी कृत्रिम संकट पैदा न होने पाए। साथ ही



■ **नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियां और गोदामों का किया निरीक्षण**

अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या कारोबा. री जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी गई है और लगातार निरीक्षण अभियान जारी है।

### एलपीजी संकट से बेरोजगारी का खतरा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एलपीजी संकट पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरत भी लोगों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में एलपीजी का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत तक घट चुका है, जिसके कारण हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इस कमी का सबसे बड़ा असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, क्लाउड किचन और छोटे फूड कारोबार एलपीजी पर ही निर्भर रहते हैं, लेकिन अब सरकार के आदेश के बाद कई जगहों पर रेस्टोरेंट और होटलों को एलपीजी सिलेंडर तक नहीं मिल रहे।

### एलपीजी की कमी पर राज्यसभा में चर्चा की मांग, भाकपा सांसद ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में एलपीजी की कथित कमी पर चर्चा कराने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य संदोष कुमार पी ने बुधवार को राज्य सभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। संदोष कुमार ने नियम 267 के तहत यह नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके चलते एलपीजी की आपूर्ति में देरी, कीमतों में वृद्वि और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। कई राज्यों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति, लंबा इंतजार और अचानक कीमतों में बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों परिवार, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग, खाना पकाने के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं। एलपीजी की कमी से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे होटल, रेस्तरां और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है।

# सनातन परंपराओं का अपमान कर रही भाजपा: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर सनातन परंपराओं को अपमान करने का आरोप लगाया है।

यादव ने बुधवार को उत्तरप्रदेश सरकार की तरफ से लखनऊ में ज्योतिर्मठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती के कार्यक्रम की अनुमति को लेकर लगाई गई शर्त के मुद्दे पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि किसी कार्यक्रम पर अनावश्यक शर्तें और प्रतिबंध लगाना कमजोर सत्ता की पहचान है। यदि भाजपा सनातन परंपराओं का सम्मान नहीं कर सकती तो कम से कम उसका अपमान भी न करे। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार एक विशेष समाज के सम्मान को ठेस पहुंचा रही है। इस समाज के लोग भाजपा सरकार में मंत्री, सांसद, विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि के रूप में शामिल हैं, लेकिन इस मुद्दे पर वे अपने ही समाज के सामने जवाब देने से बच रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि अपने स्वार्थ के लिए भाजपा के साथ बने हुए हैं और अपने समाज में सम्मान खो चुके हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि जनता अगले चुनाव में ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ जनप्रतिनिधि, जो वास्तव में अपने समाज के हितैषी हैं, वे उन दलों के संपर्क में हैं जो सनातन परंपराओं और समाज का सम्मान करते रहे हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76863.71
निफ्टी 23866.85



सोना 160000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 269000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया की चिंता में शेयर बाजारों में फिर बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 1,342.27 अंक (1.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,863.71 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 394.75 अंक यानी 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों का यह करीब 11 महीने का निचला बंद स्तर है। सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी और सुबह अधिकतर सूचकांक हरे निशान में थे। लेकिन बाद में गिरावट तेज होती गई। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत गिर गया। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, आईटी और एफएमसीजी सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं



गैस सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत टूट गया। एक्सिस बैंक में चार फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी करीब चार प्रतिशत गिर गए। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनटीपीसी और सनफार्मा में तेजी रही।

### सोना 1.60 लाख पर पहुंचा, चांदी की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने की कीमत में मामूली तेजी और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 505 रुपए बढ़कर 1.61 लाख पहुंच गया। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 1,886 रुपए घटकर 2.69 लाख पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।

# चावल, चीनी दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 16 रुपये सस्ता हुआ और 2,798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटे के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 20 रुपये और उड़द दाल 18 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और मसूर दाल का सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 71 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,499 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.61 प्रतिशत की बढ़त में 67.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 139 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 96 रुपये और पाम ऑयल की 87 रुपये बढ़ी। वनस्पति में 57 रुपये की तेजी रही। सोया तेल की कीमत चार रुपये और सरसों तेल की तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 10 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7725.52 रुपये, मसूर काली 8073.07 रुपये, मूंग दाल 10142.60 रुपये, उड़द दाल 10744.18 रुपये, तुअर दाल 11221.97 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2797.69 रुपये और चावल 3850.47 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3282.33 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4304.24 रुपये और गुड़ 4998.56 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17605.37 रुपये, मूंगफली तेल 18573.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16886.60 रुपये, सोया तेल 14155.25 रुपये, पाम ऑयल 12952.64 रुपये और वनस्पति 14564.41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म

**नई दिल्ली/लखनऊ।** पश्चिम एशिया के लगातार बढ़ते संकट की वजह से विपक्षी दलों के सदस्यों ने रसोई गैस को लेकर बुधवार को लोकसभा में जमकर हंगामा किया, जिस वजह से सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। एलपीजी गैस की किल्लत का आलम यह है कि अयोध्या में गैस की गंभीर कमी को देखते हुए राम मंदिर के निकट अमावा मंदिर में संचालित श्री राम रसोई की ओर से भोजन वितरण को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**स्पीकर ओम ..**

लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा। विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते। वक्फ संशोधन, धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े-बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई। 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से काम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम काम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नेवर.. .नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी काम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने चेयर को घेरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अमित शाह ने कहा कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव के नोटिस में 2026 की जगह 2025 लिखा था। जब विपक्ष के ध्यान में लाया गया, तो उन्होंने नोटिस वापस ले लिया। दूसरे नोटिस में सिर्फ गौरव गोगई के रियल साइन थे। सभी विपक्षी सांसदों को जेरोक्स साइन थे। ऐसे में नोटिस खारिज हो सकता है। लेकिन इनमें इतनी गंभीरता नहीं है कि नोटिस नियमों के हिसाब से लाएं। फिर भी स्पीकर के ऑफिस ने विपक्ष को मौका दिया कि गलतियां है। सुधार लो।

# भारतीय विमान सेवा कंपनियां रियाद के लिए आज से शुरू करेंगी उड़ानें

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय विमान सेवा कंपनियां सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए 12 मार्च से उड़ानें शुरू करेंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंगलवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से रियाद के लिए उड़ानें शुरू करने वाली हैं।

इसी तारीख से इंडिगो भी मुंबई और रियाद के बीच उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर ने भी गुरुवार से दोनों शहरों के बीच उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी विमान सेवा कंपनियों को सुरक्षा स्थिति पर पूरी तरह विचार करने के बाद ही उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा



■ **इंडिगो भी आज से शुरू करेगी मुंबई-रियाद के लिए उड़ान**

रही है। इंडिगो ने बुधवार को पश्चिम एशिया के आठ शहरों के लिए कुल 38 उड़ानों का परिच. ालन करने की बात कही है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी आज संयुक्त अरब अमीरात के लिए 36 विशेष उड़ानों समेत कुल 58 उड़ानों के परिचालन की बात कही है। उनकी 22 शिड्यूल उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान के मस्कट के लिए होंगी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण 28 फरवरी को क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें बंद कर दी गई थीं। अब धीरे-धीरे परिचालन फिर शुरू किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विभिन्न देशों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके भारतीय एयरला. इंस कंपनियों के लिए ओमान के मस्कट को पश्चिम एशियाई शहरों दुबई, अबु धाबी, शारजाह, रस-अल-खैमा, अल-अलाम, फुजैरा, जेद्दा और मदीना का वैकल्पिक हवाई अड्डा घोषित किया है। मंत्रालय ने बताया कि 9 मार्च को विभिन्न पश्चिम एशियाई शहरों से कुल 45 उड़ानें भारत आई जिनमें 7,407 यात्री थे।

# जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा : सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से अपने संचालन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 10 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। सरकार की तरफ से जारी किए गए आदेश के अनुसार, पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती चरण में औसतन प्रतिदिन लगभग 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, हवाई अड्डा पर दूसरे रनवे के

■ **पहले चरण में प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी**

निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब सात करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। हवाई अड्डा के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। भूमि अधिग्रहण पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

# गैस का है पर्याप्त स्टॉक, परेशान न हो जनता

## एआरओ सुनील कुमार ने किया दावा, उपभोक्ताओं की गैस एजेंसियों के बाहर रही लंबी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इजराइल और ईरान युद्ध को लेकर भारत में गैस आपूर्ति व्यवस्था पर संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देश में कुछ ही दिनों का गैस और डीजल स्टॉक बचा है जिसकी खबर ने लोगों को भयभीत कर दिया है। वहीं मेरठ जिले के डीएम ने भी इन खबरों का खंडन किया है और कहा कि हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है लेकिन उसके बावजूद लोग परेशान होते दिखाई दे रहे हैं जिसकी वजह से गैस एजेंसीयों पर लंबी-लंबी लाइन लग रही हैं। साथ ही साथ भारत सरकार ने देश में ईसीए कानून लागू कर दिया है जिसके चलते कमर्शियल व्यवसाय करने वाले होटल बंद होने की कगार पर आ गए हैं। मेरठ जिले के एआरओ सुनील कुमार ने बुधवार को शहर में निकलकर अलग-अलग जगह पर निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से कहा कि बेवजह की अफवाह से परेशान ना हो हमारे पास गैस का पर्याप्त भंडार है। वहीं उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे मौके पर कालाबाजारी करने के लिए अफवाह



उपभोक्ताओं को समझाते एआरओ सुनील कुमार।

फैलाते हैं और कुछ लोग इस अफवाह के बल पर कई गुना मोटा पैसा कमाने की चाहत रखते हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर कोई कालाबाजारी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे फिलहाल केवल घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करें। अगर कोई एजेंसी के नाम पर ओवर रेट या कालाबा. जारी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके साथ पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर और एसआई अंकुश, एसआई विशेष ने अपनी टीम के साथ संजीवनी गैस एजेंसी, पुरुषोत्तम गैस एजेंसी और विजयंत गैस एजेंसी का दौरा किया। वहीं एआरओ सुनील कुमार ने बताया कि अगर कोई भी जमाखोरी व कालाबाजारी करता है तो उसकी जानकारी आपूर्ति विभाग (खाद्य एवं रसद विभाग) को दें, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# एक्टर सिद्धार्थ कुमार का सामान चोरी करने वाले को ब्रह्मपुरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते दिनों मुंबई के टीवी एक्टर सिद्धार्थ कुमार तिवारी मेरठ के होटल कन्वे में रुके हुए थे जहां से कमरा नंबर 507 से उनका कीमती सामान चोरी हो गया था इसके बाद थाना ब्रह्मपुरी में बीती 6 मार्च को सिद्धार्थ कुमार तिवारी निवासी लोखंडवाला कॉम्पलेक्स अंधेरी वेस्ट मुंबई द्वारा थाना ब्रह्मपुरी पर तहरीर दी गई थी। ब्रह्मपुरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

सिद्धार्थ कुमार ने बताया था कि अज्ञात चोर ने एप्पल आईपैड, एप्पल हेडफोन, सैमसंग मोबाइल एस24 अल्ट्रा, 25 हजार रुपये नकद, वॉलेट जिसमें क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, घड़ी, अन्य व्यक्तिगत सामान था चोरी कर लिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के शीघ्र खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ पर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ब्रहमपुरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना ब्रहमपुरी पुलिस व



स्वाट टीम नगर की कुल 06 टीमें गठित कर लगायी गयी। ब्रहमपुरी पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस टीमों द्वारा 550 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं अन्य साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। थाना अध्यक्ष राजेश कंबोज ने बताया कि घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त शुभम भोला पुत्र अशोक भोला निवासी के 3/3112 शास्त्रीनगर थाना नौचंदी मेरठ हाल निवासी बी25 पुलिस एन्कलेव थाना लोहियानगर को मुखबिर की सूचना पर मेजर ध्यानचंद नगर टंकी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया तथा घटना में चोरी हुआ कीमती सामान बरामद किया गया। वहीं आरोपी के पास से चोरी हुआ माल भी बरामद कर लिया गया है।

## रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का खेल! सरधना में माफिया सक्रिय, ग्रामीणों ने उठाई आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि रात के अंधेरे में खनन माफिया जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी निकालकर खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### ग्रामीणों का आरोप खेतों के पास हो रहा खनन

ग्रामीण सनोज पुत्र राजवल सिंह, मनोज पुत्र राजबल, एसबीर पुत्र जयपाल निवासी ग्राम घर और मोहन पुत्र निशानसिंह निवासी ग्राम कालिन्द ने बताया कि उनके खेतों के बराबर में कृष्पाल पुत्र राजपाल व जसपाल पुत्र बाबू के खेत से रात के समय मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इससे आसपास के किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है।

### समझाने पर भी नहीं माने, अभद्रता का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार खनन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। आरोप है कि कुछ दिन पहले इस बात को लेकर उनके साथ अभद्रता भी की गई थी, जिससे वे काफी परेशान हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और तुरंत खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

# त्योहारों को लेकर किठौर थाने में शांति समिति की बैठक, ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर किठौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने की। इसमें क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर आपसी सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से ईद के मौके पर पढ़ी जाने वाली नमाज को लेकर कहा कि नमाज ईदगाह, मस्जिदों और निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाए तथा सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए, जिससे यातायात व्यवस्था



प्रभावित न हो और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा आगामी अलविदा जुम्मे के अवसर पर भी सतर्कता बरतने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सावधानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। बैठक में मौजूद चेयरमैन सलमान मुनकाद व धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी लोग मिलकर काम करेंगे। पुलिस प्रशासन ने भी आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने गौरव शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संयुक्त व्यापार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष और मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 15 वर्षों से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले गौरव शर्मा को बुधवार के दिन एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली उन्हें भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान गौरव शर्मा के साथ उनके संगठन के पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। गौरव शर्मा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद कहा कि वह मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 15 वर्षों से अध्यक्ष हैं और उन्होंने 15 वर्षों से संगठन के माध्यम से किसानों की आवास को बुलंद किया है क्योंकि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से सबसे ज्यादा सामान खाने पीने का और रोजमर्रा की चीजों को आता है जो खेत खलियान से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है जिसे पूरा करने के लिए वह ईमानदारी से काम करेंगे और किसी भी किसान को और व्यापारी को परेशान होने नहीं देंगे। इस दौरान उनके साथ उनके भाई समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शर्मा भी मौजूद रहे। लोगों ने उनका फूल माला से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के पास कई बड़ी जिम्मेदारियां सामा. जिक, राजनीतिक व व्यापारी हितों की है जिसको लेकर उनका परिवार हमेशा जनता के हित के लिए लड़ता रहेगा।

# सुभारती में 1947 का विभाजन और अखंड भारत की विचारधारा पर व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा '1947 के विभाजन और अखंड भारत की विचारधारा' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात विचारक एवं शिक्षाविद प्रो. डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान प्रज्ञा प्रवाह के देवराज सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक पश्चिमी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड व अवनीश त्यागी प्रज्ञा प्रवाह मेरठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में प्रो. (डॉ.) सदानंद दामोदर सप्रे ने कहा कि 1947 का विभाजन भारतीय इतिहास की एक अत्यंत पीड़ादायक घटना थी, जिसने न केवल भौगोलिक सीमाओं को बदला बल्कि समाज और संस्कृति को भी गहरे स्तर पर प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अखंड भारत की विचारधारा केवल भौगोलिक एकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित एक व्यापक अवधारणा है। कार्यक्रम में सुभारती विश्वविद्यालय के राष्ट्रबोध प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. (डॉ.) डी.सी. सक्सेना ने कहा कि 1947 का विभाजन राजनीतिक परिस्थितियों और उस समय की जटिल परिस्थितियों का परिणाम था। इस दौरान पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतेष चौधरी ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इससे उन्हें इतिहास, राजनीति और समाज के गहन संबंधों को समझने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों को पादप व अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन बीएजेमसी की छात्रा प्रियांशी भाटिया ने किया वहीं मीडिया कवरेज शौर्य खन्ना, व तुषार कुमार ने की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक्स डॉ. प्रभात कुमार पांडेय, दूरस्थ शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. महावीर सिंह, पत्रकारिता विभाग के शिक्षकगण प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. संतोष कुमार गौतम, डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. प्रीति सिंह, शैली शर्मा, राम प्रकाश तिवारी, डॉ. पल्लबी मुखर्जी एवं बड़ी संख्या में विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## सजावटी सहायक उपकरण डिजाइन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालयके इंटीरियर डिजाइन विभाग ने अमृता शेरगिल कॉन्फ्रेंस हॉल में 'सजावटी सहायक डिजाइन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा और विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन समारोह से शुभारंभ हुआ, जहां गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और डिजाइन के क्षेत्र में रचनात्मकता और व्यावहारिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और व्यावसायिक कौशल बढ़ाने के लिए ऐसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला का संचालन पिडिलाइट से संबद्ध अनुभवी कला विशेषज्ञ गीतु शर्मा ने किया। सत्र के दौरान, उन्होंने नवीन 'होम डेकोर एक्सेसरी डिजाइन' बनाने की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया और छात्रों को विभिन्न सामग्रियों का रचनात्मक रूप से उपयोग करके आंतरिक स्थानों को निखारने के तरीके बताए। इंटीरियर डिजाइन, फैशन डिजाइन और टेक्सटाइल डिजाइन विभागों के सभी सम्मानित संकाय सदस्यों के साथ उत्साही छात्रों के एक समूह ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और मूल्यवान व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। सत्र ने छात्रों को समकालीन डिजाइन अवधारणाओं को समझने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद की। तकनीकी कौशल कार्यशाला का आयोजन शैलजा सिंधे द्वारा किया गया और संकाय सदस्यों नीतू तेओतिया और मोनिका वर्मा द्वारा समन्वित किया गया, जिन्होंने पूरे सत्र के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। विभाग की ऐसी पहलों का उद्देश्य इंटीरियर और एक्सेसरी डिजाइन के क्षेत्र में छात्रों के बीच व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

## नव-नियुक्त संकाय सदस्यों के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास का आयोजन

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) द्वारा नव-नियुक्त संकाय सदस्यों के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संकायों एवं विभागों के 60 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सम्मानित संस्थापकों, माननीय कुलाधिपति, माननीय कुलपति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, माननीय प्रति कुलपति तथा प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय की डीन व एचआरडीसी की अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) पद्मा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. सारिका, एसोसिएट प्रोफेसर ने सभी का स्वागत किया। एचआरडीसी की निदेशक प्रो. (डॉ.) पद्मा मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में रचनात्मक शिक्षण विधियों को अपनाने पर जोर दिया।

## प्रताप सिंह मीरपुर के मवाना पश्चिम का मंडल अध्यक्ष बनने पर हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संतुति पर जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह के नेतृत्व में हस्तिनापुर क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम सत्येंद्र सिसोदिया ने थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र अनुज भाटी को मवाना पश्चिम का मंडल अध्यक्ष बनाया गया। प्रताप



सिंह के मंडल अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा क्षेत्रवासी उनके फोन पर बधाई दे रहे हैं। बताते चले कि थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र अनुज भाटी को सरधना पूर्व विधायक संगीत सोम के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संतुति एवं जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह के नेतृत्व में हस्तिनापुर क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम सत्येंद्र सिसोदिया ने मवाना पश्चिम का मंडल अध्यक्ष बनाया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है, और कहा कि प्रताप सिंह को मंडल अध्यक्ष बनने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### वीडियो पफुटेज के आधर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**परीक्षितगढ़।** नगर के मोहल्ला खजूरी दरवाजा निवासी अभिनव गुप्ता तीन दिन पूर्व अपने मकान पर लोहे का जाल लगवा रहे थे। पड़ोसी राजीव बंसल ने विरोध करते हुए अपनी छत से गली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मिर्ची पाउडर फेंका था। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। अभिनव गुप्ता ने मौके पर पहुंची थाना पुलिस को आरोपियों के वीडियो फुटेज उपलब्ध कराए उसी के आधार पर थाना पुलिस ने राजीव, अभिषेक, दीक्षा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल में ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

■ आमजन मानस को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह जो की 8 मार्च से 14 मार्च के मध्य प्रतिवर्ष मनाया जाता है के तत्वाधान में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. लोकेश कुमार सिंह विभागाध्यक्ष द्वारा की गई।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने लोगों को ग्लूकोमा के बारे में बताते हुए अवगत कराया कि इस वर्ष ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह की थीम है कि विश्व को ग्लूकोमा मुक्त बनाने हेतु एक जुट हो जाएं और यह भी बताया गया की 40 वर्ष की उम्र के पश्चात अपनी आंखों की नियमित जांच जरूर करवाएं एवं जिन लोगों को डायबिटीज है अथवा घर में ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास है तो आवश्यक रूप से ग्लूकोमा की जांच करवाएं क्योंकि इस रोग के निदान के लिए इसका जल्दी पता



लगाना अति आवश्यक है ताकि समय रहते इसको कंट्रोल किया जा सके। इस अवसर पर डॉ. अलका गुप्ता आचार्य नेत्र रोग विभाग द्वारा भी लोगों को ग्लूकोमा के लिए जागरूक किया गया। इसी अवसर पर परास्नातक छात्रों द्वारा ग्लूकोमा की जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अंजली प्रथम डॉ. दीपिका द्वितीय एवं डॉ. नीतू तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं द्वारा आमजन मानस को जागृत करने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नेत्र विभाग में इस अवसर पर डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. प्रियांक गर्ग, डॉ. प्रियंका गोसाई एवं परास्नातक छात्र उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने उपरोक्त जागरूकता कार्यक्रम हेतु नेत्र रोग विभाग को शुभकामनाएं दी।

## तरूण को इंसाफ दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को लिसाड़ी गेट क्षेत्र के प्रहलाद नगर वासियों ने दिल्ली के उत्तम नगर में तरूण की होली के दिन हुई दिल दहला देने वाली हत्या को लेकर प्रहलाद नगर के हिंदू समाज द्वारा कैंडल मार्च निकाला। क्षेत्र के प्रहलाद नगर निवा. सियों में नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे सभी ने मिलकर एक ही आवाज उठाई कि दिल्ली में उत्तम नगर के निवासी हमारे हिंदू भाई तरुण के हत्यारे को फांसी की सजा हो। क्षेत्रवासियों ने गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार को दिया। प्रहलाद नगर के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला और तरूण को श्रद्धांजलि दी। वहीं लोगों को कहना है कि हमारे तरुण भाई आज इस दुनिया में नहीं है ऐसे हत्यारों के कारण आज हमारा भाई हमारे साथ नहीं है हम सब की यही मांग है कि हत्यारे को फांसी मिले। प्रहलाद नगर वासियों कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी और उसकी मां को जल्द से जल्द न्याय मिले।

# महिला आयोग की सदस्या मीनाक्षी भराला, मनीषा अहलावत व डॉ. हिमानी अग्रवाल ने की महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को सर्किट हाऊस में उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या मीनाक्षी भराला, सदस्या मनीषा अहलावत तथा सदस्या डा. हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 28 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण, पुलिस कार्रवाई से संबंधित शिकायतें तथा अन्य महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले सम्मिलित थे। माननीय सदस्यों द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

सदस्या मीनाक्षी भराला ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करे।

सदस्या डा. हिमानी अग्रवाल ने कहा कि



पीड़ित महिलाओं के लिए सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है, संबंधित विभागीय अधिकारी महिलाओ को सरकारी कार्यक्रम व योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सदस्या मनीषा अहलावत ने निर्देशित किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ में महिलाओ को प्राथमिकता दी जाये। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओ से महिलाओ को जोड़ा जाये जिससे महिलाओ को सशक्त करने हेतु उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जनसुनवाई के उपरांत सदस्यों द्वारा बालगृह सूरजकुंड तथा वृद्धा आश्रम गंगानगर मेरठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानो में रह रहे बच्चों एवं वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। सदस्यों ने संबंधित अधिक. ारियों को निर्देशित किया कि संस्थान में रह रहे बच्चो एवं वृद्धजनों की देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओ को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर अभिषेक पटेल सीओ महिला थाना, सीता सिंह एसएचओ महिला थाना, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, जिला मिशन कोडिनेटर महिला एवं बाल विकास विभाग खुशबू शर्मा व विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन सख्त

## राजकीय इंटर कॉलेज नंगला सलेमपुर के सामने से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** जनपद मेरठ के ब्लॉक किला परीक्षितगढ़ की ग्राम पंचायत बोंद्रा के अंतर्गत आने वाले गांव नंगला सलेमपुर में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के सामने लंबे समय से चले आ रहे अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने बुधवार को हटवा दिया। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों और छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की शिक्षा को बढ़ावा देने की योजना के तहत नंगला सलेमपुर में वर्ष 2018 में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना की गई थी। हालांकि कॉलेज में नियमित शिक्षण कार्य वर्ष 2025 से शुरू हुआ। लेकिन कॉलेज की चारदीवारी अभी तक पूरी तरह से निर्मित नहीं हो पाई है, जिसके कारण कॉलेज के सामने का रास्ता खुला हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।





स्थानीय लोगों के अनुसार, कॉलेज के सामने अवैध अतिक्रमण और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी के कारण स्कूल आने वाली छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार छात्राओं पर फब्तियां कसी जाती थीं, जिससे उनके परिजनों में चिंता का माहौल था। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि गांव के कई परिवारों ने अपनी बेटियों को स्कूल भेजना भी बंद कर दिया था। इस समस्या से परेशान होकर बुधवार को गांव के परिजन एसडीएम मवाना संतोष कुमार से मिले और पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसडीएम के आदेश पर बुधवार को तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम गांव नंगला सलेमपुर पहुंची। टीम में तहसील से कानूनगो रमाशंकर, पटवारी शिवम निर्वाण, किठौर थाने से एसआई यतीश शर्मा, चौकी राधना से दरोगा शिवम कुमार, हेड कांस्टेबल करीना और बसंती यादव शामिल रहे। प्रशासन ने मौके पर जेसीबी मशीन लगवाकर राजकीय इंटर कॉलेज के सामने रास्ते पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया और रास्ते को साफ कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही कॉलेज की चारदीवारी का निर्माण भी पूरा कराया जाएगा, जिससे भविष्य में इस तरह की समस्याएं दोबारा पैदा न हों। ग्रामीणों का कहना है कि अब रास्ता साफ होने और प्रशासन की कार्रवाई के बाद छात्राओं को कॉलेज आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी और शिक्षा का माहौल बेहतर होगा।

## खानपुर के ग्रामीणों को जानी नहर पुल पर जाम लगाना पड़ा भारी, 80 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कानून हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं है। मोहित प्रकरण को लेकर खानपुर में इस समय मौत की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं है। दो दिन पहले ही जानी गंग नहर पर जाम लगा दिया था जिसमें आमजन जीवन प्रभावित हो गया था और पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। सीओ सरधना आशुतोष कुमार कई थानों का पुलिस फोर्स लेकर पहुंचे और परिजनों को समझाया था और हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद ही जाम खुलवाया। वहीं पुलिस ने बुधवार को करीब 80 व्यक्तियों के खिलाफ जानी नहर पुल पर जाम लगाने का मुकदमा दर्ज किया है। मोहित घटनाक्रम में भी पुलिस रात और दिन लगी हुई है। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सौर ऊर्जा संयत्र लगाकर आत्मनिर्भर बनेगें उपभोक्ता, सोलर ऊर्जा से कम होगा बिजली खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. ने बताया कि उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध करने के उद्देश्य से, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत आवासीय भवनों तथा आवासीय परिसरों मे, सोलर पैनल स्थापित कर, उपभोक्ता ना केवल स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं बल्कि बिजली बिल में भी उल्लेखनीय कमी ला सकते है। योजना के तहत 500 कि.वा. तक के मल्टी स्टोरी व आरडब्लूए में सोलर संयत्रों स्थापना पर, रू0 18 हजार प्रति कि.वा. तक अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के परिसरों मे सोलर पैनल एवं स्मार्ट मीटर स्थापित हैं वे नेट मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से, उत्पादित सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकते हैं यदि सोलर प्लाट से अतिरिक्त बिजली उत्पन्न होती है तो उसे उपभोक्ता के मासिक बिजली बिल मे समायोजित किया जाता है।

10 कि.वा. तक सोलर संयत्रों पर आवेदन शुल्क व नेट मीटरिंग परीक्षण शुल्क में छूट का प्रावधान है इसके अतिरिक्त राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार 01 कि.वा. पर 45 हजार रु., 02 कि.वा. पर 90 हजार रु. तथा 03 कि.वा. से अधिक एक लाख 8 हजार रुपये तक अनुदान प्रदान किया जाता है। बड़ी संख्या में उपभोक्ता पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा रहे हैं अब तक निगम क्षेत्र में, 50294 ग्रिड-कनेक्टिड सोलर प्लान्ट स्थापित किये जा चुके हैं जबकि 44483 उपभोक्ताओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा चुका है। डिस्कॉम द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की गई है की उपभोक्ता अधिक से अधिक संख्या में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर, अपने घरों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित कर सकते है इससे न केवल उपभोक्ताओं को बिजली बिल मे राहत मिलेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण मे भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों में प्रगति की जाए सुनिश्चित: सभापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति हरि ओम पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत व हापुड के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा सभापति सहित समिति के सदस्यो को स्मृति चिन्ह, शॉल ओढाकर व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

सभापति ने जनपद मेरठ, बागपत व हापुड़ के जिला स्तरीय अधिका. रियों के साथ विगत तीन वर्षों में सदस्य विधान परिषद व सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रो का विभागीय रजिस्टर एवं कार्यवाही, सदस्य विधान परिषद/ वधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारंभ करने की प्रक्रिया तथा पूर्ण करने की समयसीमा, विगत तीन वर्षों में विधायक निधि से कराये गये कार्य, एक जिला एक उत्पाद के संबंध में लक्ष्य व प्रगति, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद की समितियो की बैठक और उनके निर्देशो का अनुपालन, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के अल्पसूचित/तारांकित/अतारांकित प्रश्न, विधान परिषद के नियम 115, 105, 110 तथा 111 की सूचनाओं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राप्त याचिकायें, विशेषाधिकार हनन के लंबित प्रकरण, विधान परिषद के माननीय सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई, विधायकों के प्रोटोकॉल के उल्लंघन के प्रकरण, विभागीय बैठको में विधायकोध्जनप्रतिनिधियो को न बुलाने के प्रकरण, शासन से स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास/उद्घाटन समारोह में शिलापट्टो पर संबंधित विधायको के नाम तथा अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई।

समिति द्वारा उपर्युक्त बिंदुओं की विभागवार समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि जनप्रतिनिधियो द्वारा विकास कार्य एवं जनशिकायत से संबंधित प्रेषित पत्रो का नियत समय में निस्तारण किया जाये तथा की गई कार्यवाही से उनको अवगत कराया जाये। प्रोटोकाल का पूर्णत: पालन किया जाये। जनपद स्तर पर जनप्रति. निधियो के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विकास कार्यों में प्रगति सुनिश्चित की जाये। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि विभागवार दिये गये निर्देशो का अनुपालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालन आख्या से समिति को अवगत कराया जाये।

सभापति ने कहा कि मेरठ खेल का केन्द्र है। सरकार द्वारा लगातार युवाओ की प्रतिभाओ को निखारने हेतु प्रयास किये जा रहे है। बडी संख्या में मेरठ के खिलाड़ी वैश्विक पटल पर मेरठ सहित भारत का नाम रोशन कर रहे है। मेरठ में खेल विश्व. विद्यालय का निर्माण हो रहा है। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी से विभाग में पंजीकृत खिलाड़ी, दी जा रही सुविधाओ, निर्माणाधीन खेल विश्व. विद्यालय की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रत्येक ब्लॉक में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया गया कि समस्त ब्लक्क्को में जमीनो का जल्द से जल्द चिन्हांकन कर स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव भेजा जाये। ग्राम पंचायतो में डिजीटल लाईब्रेरी स्थापना हेतु शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुरूप कार्य में मानको का ध्यान रखते हुये आगे बढ़ाया जाये।

नगर विकास एवं मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा इंटीग्रेटेड प्लक्क्स के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया गया कि समस्त विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढाया जाये। स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल एवं मुख्य चौराहो के सौन्दर्यीकरण व कूडा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये दिये। मेरठ विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुये समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि अवैध कालोनी निर्माण एवं प्लॉटिंग पर विभाग द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा की गई कार्यवाही से समिति को लिखित रूप में अवगत कराया जाये।

# जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 'एडमिशन कॉन्क्लेव-2026' का भव्य आयोजन, बेटियों के लिए विशेष स्कॉलरशिप की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को 'एडमिशन कॉन्क्लेव-2026' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों, शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुसार पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉ. हरिओम अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल तथा डॉ. विशाल अग्रवाल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन संपन्न कराया। इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में स्थापित नई एडमिशन सेल का भी उद्घाटन किया गया। नई एडमिशन सेल के माध्यम से आगामी शैक्षणिक सत्र के



लिए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश से संबंधित जानकारी, मार्गदर्शन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान एडमिशन डायरेक्टर ई. हुसैन फिरोज अंसारी ने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान प्रबंधन के साथ मिलकर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस मौके पर जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ डॉ. विशाल अग्रवाल ने समाज में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्व. कृष्णा अग्रवाल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्कॉलरशिप की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बेटियां केवल 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष के नाममात्र शुल्क पर संस्थान में उपलब्ध किसी भी पाठ्यक्रम में अध्ययन कर सकेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, प्रशिक्षण सुविधाओं और प्लेसमेंट अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। समापन अवसर पर डॉ. विशाल अग्रवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एडमिशन निद. ेशक ई. हुसैन फिरोज अंसारी, विपेंद्र सिंह, डॉ. अमित चौधरी, निदेशक डॉ. उमेश कुमार, डॉ. राजीव चौधरी, अर्पित चौधरी, संजीव शर्मा, प्रशासनिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# संस्कृति विवि के 76 विद्यार्थियों का प्रिसाइस रिसर्च सोल्यूशन ने किया चयन



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के बीसीए, बी.टेक, डिप्लोमा सीएसई और एमसीए के 76 विद्यार्थियों को डेटा एनेलिसिस करने वाली प्रतिष्ठित कंपनी प्रिसाइस सोल्यूशन ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल के आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि प्रिसाइस रिसर्च सोल्यूशन अलग-अलग तरह के शोधकर्ताओं, जानी-मानी एमआर कंपनियों और अंतिम ग्राहकों को शुरू से आखिर तक की शोध डेटा इकट्ठा करने की पूरी रेंज वाली सेवाएँ दे रहा है। यह कंपनी ऐसे ग्राहकों और साझेदारों के साथ काम करती है जिनमें अकेले शोधकर्ताध्विश्लेषक, छोटे से लेकर बड़े मार्केट रिसर्च ग्रुप, मीडियाध्संचार कंपनियाँ, ब्रांडिंगध्विज्ञापन एजेंसियाँ और दुनिया भर के अलग-अलग उद्योगों के अंतिम ग्राहक शामिल हैं। कंपनी दुनिया भर में मौजूद डेटा इकट्ठा करने की सेवाओं की विस्तृत विशेषज्ञता को रखती है, जिसमें प्रश्नावली बनाना, ऑनलाइन डेटा इकट्ठा करना, सर्वे प्रोग्रामिंगध्होस्टिंग, डेटा प्रोसेसिंग, अनुवाद, डेस्क रिसर्च, आमने-सामने की रिसर्च वगैरह शामिल हैं। कंपनी की टीम सबसे मुश्किल शोध जरूरतों को भी संभालने में माहिर है और हर शोध काम से ग्राहकों को पूरी, सही और काम आने वाली जानकारी पाने में मदद करती है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान तीन स्तरीय चयन प्रक्रिया में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में सफलता हासिल की है। कंपनी ने संस्कृति विवि के बीसीए, बी.टेक., एमसीए, और डिप्लोमा कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को अपनी कंपनी के लिए चयनित किया है। कंपनी में चयनित संस्कृति विश्व. विद्यालय के विद्यार्थियों में दानिश सिंह, हनी कुमार, मोहम्मद अली, पुनीत शर्मा, अभय सिंह, अर्जुन चौधरी, राजन शर्मा, कशिश यादव, कमलकांत शर्मा, प्रवीन कुमार, आशीष, विवेक सिकरवार, अर्पित कुमार, रोहित मणी त्रिपाठी, सचिन कुमार, सौरभ कुमार, हेमंत कुमार, माधव गुप्ता, अमित सिंह, गौरव शर्मा, मनोज, गौरव, हरीओम, सचिन राठौर, आशीष यादव, रोहित कुमार, सचिन बघेल, लोकेंद्र सिंह, हसन रजा, प्रिंस शर्मा, जतिन कुमार, मुकेश चाहर, गिरीश गौर, चंदन पांडे, देवेंद्र सिंह, करन सिंह, विशाल, राकेश, लक्ष्मन, सीताराम, पुनीत कुमार नागर, शिवम शर्मा, योगेश, विक्रम, सचिन, जीतू सैनी, हेमंत शर्मा, अमित राम, गजराज, ईश्वर, विष्णु कुमार आदि रहे।

# निष्काम कर्मयोगी कृष्णचंद्र गांधी ग्रंथ का भव्य लोकार्पण

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के अशोका अतिथि गृह में एक गरिमामय समारोह में 'निष्काम कर्मयोगी : कृष्णचंद्र गांधी' ग्रंथ का लोकार्पण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया। यह ग्रंथ सरस्वती शिशु मंदिर योजना के जनक तथा शिक्षाविद् कृष्णचंद्र गांधी के प्रेरक व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित है। इस पुस्तक के लेखक डॉ. राम सेवक हैं तथा इसका प्रकाशन सरस्वती विद्या मंदिर ब्रज प्रदेश प्रकाशन, माधव कुंज, मथुरा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. राम सेवक इसी प्रकाशन संस्थान के निदेशक भी हैं। पुस्तक में कृष्णचंद्र गांधी के जीवन, उनके शैक्षिक चिंतन, संगठनात्मक क्षमता तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान का विस्तृत वर्णन किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती ब्रज प्रदेश के संगठन मंत्री हरिशंकर ने महामहिम राज्यपाल को संस्था की कॉफी टेबल बुक भेंट करते हुए विद्या भारती की गतिविधियों और उपलब्धियों की समग्र जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती ब्रज प्रदेश निरंतर नवीन प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को जीवनमूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रीय चेतना और चरित्र निर्माण की भावना विकसित करना भी है।इस अवसर पर नगरीय शिक्षा के प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह ने विद्या भारती ब्रज प्रदेश की भौगोलिक, सामाजिक तथा शैक्षिक संरचना पर प्रकाश डालते हुए संस्था की व्यापक कार्ययोजना और उसके प्रभाव को विस्तार से प्रस्तुत किया। प्रकाशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कृष्णचंद्र गांधी के व्यक्तित्व की



विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि वे निष्काम कर्मयोग, सरलता और सात्विक विचारों के अद्वितीय प्रतीक थे।

उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन शिक्षकों और समाजसेवियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के मंत्री प्रोफेसर (डॉ.) अनिल गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से महामहिम राज्यपाल को कृतज्ञता-प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालयों के विकास से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी राज्यपाल महोदय को सौंपे गए, जिन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह का वातावरण अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी रहा। उपस्थित शिक्षाविदों, विद्या भारती के कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य अतिथियों ने इस ग्रंथ को कृष्णचंद्र गांधी के आदर्श जीवन और शिक्षा दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## कब्र से निकाला गया शव तो हुआ हत्या का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मंगलवार को राया क्षेत्र के गांव भंकरपुर बसैला में सात दिन बाद महिला का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम में गला दबा कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने मृतका की पुत्र वधु और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुत्रवधु ओर उसके प्रेमी अभियुक्त आदिल पुत्र नसीरुद्दीन निवासीगण ग्राम भंकरपुर बसेला थाना राया को उनके घर ग्राम भंकरपुर बसैला थाना राया जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। मृतका के पति ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी कि उसकी पत्नी की हत्या कर शव को दफन किया गया है। थाना राया पुलिस को सूचना दी थी कि उसके बेटे आमिर की बहू के पडौस के ही रहने वाले आदिल पुत्र नसरूद्दीन के साथ अवैध सम्बन्ध हो गये, मना करने पर भी दोनों मिलते रहते थे तथा हम लोगों की बात नहीं मान रहे थे। मैं और मेरा बेटा आमिर दोनों बाहर रहकर काम करते है तथा हम लोग तीन मार्च को घर पर नही थे। समय करीब एक बजे रात्रि आदिल पुत्र नसरूददीन हमारे घर पर आया और मेरी पत्नी ने आदिल व बहू को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इससे आदिल को गुस्सा आ गया। आदिल व मेरी बहू ने मिलकर मेरी पत्नी की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी तथा समय करीब तीन बजे मेरी बहू ने मेरे पुत्र आमिर को सूचना दी कि अम्मी बोल नही रही है। सूचना पाकर मैं और मेरा बेटा घर पहुंचें तो मेरी बहू ने बताया कि अम्मी को साइलेन्ट अटैक पड़ गया है। इस पर मैंने व मेरे परिवारजनों द्वारा मेरी पत्नी को दफना दिया गया। इसके बाद मैंने अपनी पत्नी की मृत्यु का कारण जानने के लिये थाना राया पुलिस को सूचना जिस पर 10 मार्च को मेरी पत्नी मृतक के शव का जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में कब्र से निकालकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई।

# प्रमाणपत्र देकर डायरिया चैम्पियंस को किया गया सम्मानित

**मथुरा।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की समीक्षा और आगामी स्टॉप डायरिया कैम्पेन की रणनीति पर एक बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। डायरिया से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जाना चाहिए और जनपद में ऐसा करने वाले स्वास्थ्य कर्मी डायरिया चौम्पियंस की श्रेणी में




आते हैं और ऐसे ही चौम्पियंस को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पीएसआई इंडिया के अजय कुमार ने विगत तीन माह की प्रगति एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जनपद में कई गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही पिछले स्टॉप डायरिया कैम्पेन के दौरान की गई गतिविधियों के बारे में बताया गया, साथ ही आगामी कैम्पेन की प्लानिंग पर चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की गयी है। इसके अलावा अतिरिक्त छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया जा रहा है। बैठक में नोडल एनयूएचएम डॉ एस पी राठौर ने जिंक और ओआरएस के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहताश तेवतिया, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ बी डी गौतम,डीसीपीएम डॉ. पारुल शर्मा, जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक फौजिया खानम, जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सलाहकार मुकेश गौतम, प्रति. निधि जेएसआई,पीएसआई इंडिया के चोब सिंह बघेल एवं ब्लॉक एवं नगर स्तरीय चिकित्सा अधीक्षक,एआरओ एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों को मुफ्त कृत्रिम अंग वितरण शिविर 16 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि ओटोबॉक इंडिया, डॉ.सीजी रोड चेंबूर, मुबई द्वारा अंग प्रत्यारोपण शिविर और स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से गरीब शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को मुफ्त कृत्रिम अंग उपलब्ध कराये जाने हेतु 16 मार्च को को राजीव भवन परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि अंग प्रत्यारोपण शिविर और स्क्रीनिंग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर अस्थाई प्रतिबंध लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला पूर्ति अधिकारी, विकास कुमार ने बताया कि जनपद पीलीभीत के समस्त होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, ठेले खोमचे, बारातघर, कैटरिंग एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों को कॉमर्शियल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति पर अस्थायी प्रतिबंध लागू किया गया है। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी दशा में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में न करें। घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए ही अनुमन्य है। घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में किया जाना नियमों के पूर्णतः विरुद्ध है। उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जनपद में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण / चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# शादी समारोह के दौरान व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

## मृतक के परिजनों ने जताई पुरानी रंजिश की आशंका, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बडौत।** तहसील के दोघट क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव बहावड़ी निवासी विवेक उर्फ विक्की के रूप में हुई है। वह बहावड़ी की पूर्व प्रधान बबली का पति और कुख्यात बदमाश सागर मलिक का चाचा बताया जा रहा है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार विवेक उर्फ विक्की दोघट क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान हमलावर वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर



मृतक का फाइल फोटो

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की।

मृतक के परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की आशंका जताई है। इस मामले में बहावड़ी गांव के पूर्व प्रधान बिजेंद्र के बेटे प्रिंस का नाम सामने आया है।



बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच कई वर्षों से चली आ रही दुश्मनी इस वारदात की वजह हो सकती है। दोघट थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्रिंस, रजत, लोकेन्द्र और एक महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। गांव बहावड़ी में दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। बताया जाता है कि 11 जुलाई 2013 को बहावड़ी के पूर्व प्रधान देवेंद्र की मुजफ्फरनगर कोर्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई



थी। उस समय देवेंद्र, सागर मलिक के पिता यशपाल की हत्या के मामले में तारीख पर कोर्ट आया हुआ था। बताया जाता है कि उसी दौरान बदला लेने के लिए सागर मलिक और उसके ममेरे भाई अजय ने देवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी चली आ रही थी। पुलिस अब इसी पुरानी रंजिश के एंगल से विवेक ऊं विक्की की हत्या की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस एहतियात के तौर पर इलाके में निगरानी बढ़ाए हुए है।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आम जनता को मिलेगा सीधे लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बैठक में समिति ने बिजली व्यवस्था को और मजबूत बनाने, जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत कराने, गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आम जनता को सीधे लाभ मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। समिति के अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस बैठक में बागपत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने समिति के समक्ष पिछले तीन वर्षों में जिले में हुए विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति और जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की जानकारी प्रस्तुत की। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से विस्तार से जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक तेजी से पहुंचना चाहिए और इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। बैठक में विद्युत व्यवस्था का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। समिति ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि विजिलेंस की जांच कार्रवाई तय समय सीमा के भीतर संचालित की जाए। समिति के सदस्यों ने यह भी पूछा कि देर रात छापेमारी जैसी कार्रवाई क्यों की जा रही है और उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए व्यवस्था को और व्यवस्थित किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए और जांच अभियान पारदर्शी तरीके से चलाए जाएं। जलापूर्ति से जुड़े मुद्दों पर भी समिति ने गंभीरता से चर्चा की। जल निगम के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए समिति ने कहा कि कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

# प्रधानाचार्य करण सिंह ने अजय कुमार को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शाहपुर क्षेत्र के दयानंदआर्य वीर इंटर कॉलेज शाहपुर में आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश 2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापक का क्षेत्र के गण मान्य व्यक्तियों ने आभार प्रकट किया। चेयरमेन विपिन एवं ऋषि पाल ने बताया करण सिंह शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ पत्रकार सचिन धवन ने भी माला पहनकर सम्मानित किया। चेयरमेन पलडी रामपाल सिंह में अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तेजिंदर सिंह को सम्मानित किया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उत्कृष्ट कर्तव्य परायण ईमानदारी मिलनसार समर्पित भाव से शिक्षक कार्य को सराहा



परीक्षा के शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए समस्त स्टाफ का आभार प्रकट किया। एमडी करणवीर ने परीक्षा प्रभारी संजीव का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सुगनपाल, राकेश कुमार सजेंद्र प्रेम भारद्वाज अनुराग बसंत कुमार रूपा नेहा कुलदीप जितेंद्र बालियान अमर दीप तोमर बिजेंद्र सिंह विकास कुमार मीना सविता आदि उपस्थित रहे।

# समिति ने सभी सड़कों की जल्द मरम्मत करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी सभी सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए। इस पर जल निगम के अधिशासी अभियंता ने समिति को बताया कि मरम्मत कार्य के लिए 30 दिन का समय मांगा गया है और निर्धारित अवधि के भीतर सड़कों को ठीक कराने का प्रयास किया जाएगा। समिति ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है। बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता के विषय पर भी चर्चा हुई। समिति ने मुख्य विकास अधिकारी से जिले में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन सामग्री तथा ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। समिति ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी को और अधिक मजबूत किया जाए ताकि गांवों के विद्यार्थी भी आधुनिक शिक्षा संसाधनों से लाभान्वित हो सकें। समिति के सदस्यों ने कहा कि गांवों में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से शिक्षा और जानकारी तक पहुंच आसान होगी। इससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और कौशल विकास से जुड़े अवसरों का लाभ मिल सकेगा। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिजिटल लाइब्रेरी जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति दी जाए।

## एक नजर

### बागपत जिले में कृषि, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में लगातार हो रही है प्रगति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समिति ने विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा करना ही प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में जिले की विकास संभावनाओं और आर्थिक गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बागपत जिले में कृषि, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों तथा आम नागरिकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। समिति ने कहा कि जिले की विशेषताओं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं ताकि क्षेत्र के आर्थिक विकास को और मजबूती मिल सके। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी विभागों ने अपने-अपने कार्यों का विवरण और अभिलेख तैयार किए थे, जिन्हें बैठक में प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों ने समिति के समक्ष जिले में चल रही योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी विस्तार से रखी और समिति के सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार समिति द्वारा विभिन्न जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट बाद में विधान परिषद में प्रस्तुत की जाएगी और उसके आधार पर शासन स्तर पर आगे की कार्रवाई और सुझाव तय किए जाएंगे। समिति का यह अध्ययन भ्रमण प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। अलग-अलग जिलों में बैठकों के बाद समिति अपनी अंतिम समीक्षा बैठक लखनऊ में करेगी, जहां सभी जिलों से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण किया जाएगा। बागपत प्रशासन के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे जिले में चल रहे विकास कार्यों और प्रशासनिक प्रयासों को राज्य स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इसी प्रकार समन्वित प्रयासों के माध्यम से जिले के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा और शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# मेरठ, बागपत व हापुड़ के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरठ के विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति हरि ओम पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत एवं हापुड़ के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिसमें जिलाधिकारी अस्मिता लाल के साथ जनपद बागपत के समस्त विभाग के अधिकारियों ने बैठक में प्रतिभा किया और विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समिति ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर विभागीय रजिस्टर में दर्ज कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया गया। सदस्य विधान परिषद/विधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारंभ करने की प्रक्रिया तथा पूर्ण करने की समयसीमा, विगत तीन वर्षों में विधायक निधि से कराये गये कार्य, एक जिला एक उत्पाद के संबंध में लक्ष्य व प्रगति, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद की समितियो की बैठक और उनके निर्देशो का अनुपालन, विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के अल्पसूचित/तारांकित/अतारांकित प्रश्न, विधान परिषद के नियम 115, 105, 110 तथा 111 की सूचनाओं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राप्त याचिकायें, विशेषाधिकार हनन के लंबित प्रकरण, विधान परिषद के माननीय सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई, विधायकों के प्रोटोकॉल के उल्लंघन के प्रकरण, विभागीय बैठको में विधायको/जनप्रतिनिधियो को न बुलाने के प्रकरण, शासन से स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास/उद्धघाटन समारोह में शिलापट्टो पर संबंधित विधायको के नाम तथा अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एमएलसी, डीएम, अपर जिलाधिकारी , प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के जनपद बागपत के अधिकारियों ने मेरठ बैठक में प्रतिभाग किया।

# समिति ने ली अधिकारियों से योजना की प्रगति के बारे में जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऊर्जा के क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की भी बैठक में समीक्षा की गई। समिति ने अधिकारियों से योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। समिति के सदस्यों ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए अधिक से अधिक आवेदन सुनिश्चित किए जाएं ताकि लोग स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठा सकें और बिजली बिल में भी कमी आए। बैठक में समिति ने यह भी जाना कि जिले में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों और सुझावों पर किस प्रकार कार्रवाई की जाती है। अधिकारियों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाता है। समिति ने इस व्यवस्था को लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद से विकास कार्यों को गति मिलती है। समिति ने विधायक निधि से किए गए विकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिले में विधायक निधि के माध्यम से कई विकास कार्य पूरे किए गए हैं और कुछ परियोजनाएं अभी प्रगति पर हैं।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय की टूटी छत, चार महिला कर्मचारियों की बची जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बावली रोड बाल विकास परियोजना बड़ौत का कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा है। बुधवार को छत के नीचे खाना खा रही चार महिलाओं के ऊपर छत टूट गई। गनीमत रही की महिलाओं को चोट नहीं आई है लेकिन महिलाओं ने जर्जर भवन में काम करने से इनकार कर दिया है।



लंबे समय से यह कार्यालय विकास परियोजना में बड़ौत जर्जर भवन में चल रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बुधवार को यहां काम कर रही चार महिला कर्मचारियों की जान पर बन गई। मुख्य सेविका सरिता ने बताया कि दोपहर 1:15 बजे के करीब वह खाना खा रही थी, अचानक भवन की छत टूटकर गिर गई जिसमें वह मामूली रूप से चोटिल हो गई है। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन हादसे से वह इतना घबरा गई है कि उन्होंने कार्यालय में काम करने से इनकार कर दिया है। बाल विकास परियोजना की मुख्य सेविका तनुजा का कहना है कि वह जर्जर भवन की शिकायत मौखिक रूप से अपनी सीडीपीओ अलका मैडम को दे चुके हैं लेकिन आज तक उसपर कोई सुनवाई नहीं हुई है। आज यह हादसा हमारी जान ले सकता था अगर पत्थर सर पर पड़ जाता तो ज्यादा चोट लगती। तनुजा का कहना है कि अब वह इस कार्यालय में काम नहीं करेंगे। अपनी जान सबको प्यारी होती है। उन्होंने सुरक्षित स्थान पर कार्यालय स्थानांतरण करने की मांग उठाई है। अगर इस झज्जर भवन की हालत ऐसी ही चलती रही तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# एएसपी ने हाईवे पर देर रात चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इसका उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना था।

यह अभियान बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में चलाया गया, जहां संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। शामली से आने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अभियान में डायल 112 को भी शामिल किया गया। डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। बॉर्डर चौकियों पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद में शांति व्यवस्था कायम



रखने के लिए यह कदम उठाया गया। एडिशनल एसपी ने पुलिसकर्मियों को निरंतर चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध वाहनों और गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से सुरक्षा मजबूत करने, बाजारों में पैदल गश्त करने और संदिग्ध लोगों की पहचान कर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने को कहा। देर रात चेकिंग के लिए पहुंचे एडिशनल एसपी को देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा डयूटी में लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पालिका बडौत को स्वच्छ की श्रेणी में प्रथम स्थान दिलाने का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर पालिका परिषद में एक बैठक बबीता तोमर अध्यक्षा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार रस्तोगी के अनुसार आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त प्रावधान में शासन के दिशा निर्देश अनुसार 8 मार्च से 14 मार्च तक चल रहे विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों को आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामूहिक नेतृत्व में नगर में साफ सफाई अभियान चलाने कूड़ा कचरा साफ करवाने के प्रतीक जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण नगर की समस्त महिला सफाई कर्मचारियों को यह दिशा



निर्देश दिए गए हैं कि गिलेसों के और हानिकारक कचरे को उठाकर ठोस जगह पर पहुंचने का कार्य कराया जाए।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 कार्यशाला में अपील की गई है कि स्वस्थ सर्वेक्षण 202526 में नगर पालिका परिषद बडौत को स्वच्छ की श्रेणी में प्रथम स्थान दिलाने का कार्य किया जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बडौत के सफाई खाद निरीक्षक वीरेंद्र कुमार तेवतिया शिखा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मीनाक्षी सिसोदिया राजेश उज्जवल मंजू शर्मा सुनील कुमार मुकुल सैनी सभी ने मिलकर नगर पालिका परिषद को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

# युवक को जान से मारने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के सांकरौद गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने खेकड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। सांकरौद निवासी योगेश धामा ने बुधवार, 11 मार्च को खेकड़ा थाने में लिखित शिकायत दी। योगेश ने बताया कि 28 फरवरी को वह गांव के कुटी मंदिर पर थे, तभी दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पंच, चाकू और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया, जिससे योगेश गंभीर रूप से घायल हो गए। योगेश के अनुसार, हमलावरों ने उनके गले में रस्सी डालकर गला घोंटने का भी प्रयास किया। मारपीट के दौरान योगेश बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। योगेश ने बताया कि घटना की शिकायत करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसी डर के कारण वे अब तक चुप थे। हालांकि, बुधवार को हिम्मत जुटाकर उन्होंने खेकड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। खेकड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिरोही ने इस मामले पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत मिल गई है और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया था। मेडिकल रिपोर्ट में योगेश के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। चोटे पुरानी है, सिरोही ने कहा कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला बॉक्सर ने की बीच चौराहे पर व्यक्ति के उपर बेल्टों की बौछार, वीडियों वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्टेट लेवल की महिला बॉक्सर ने बीच चौराहे व्यक्ति पर बेल्टों की बौछार कर दी। पहले उसकी व्यक्ति से किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई। बात आगे बढ़ती गई इसी बीच महिला ने बेल्ट निकालकर व्यक्ति पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसे लेकर पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय वंदना चौक की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के दौरान चौराहे पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्ष वहां से जा चुके थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और वायरल वीडियो को जांच में शामिल किया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला फखरपुर (बागपत) निवासी पारुल है। बताया जा रहा है कि वह स्टेट लेवल की बॉक्सिंग खिलाड़ी रह चुकी है। आखिरी बॉक्सिंग पारुल ने उत्तराखंड में 8 साल पहले की थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। घर में वह मां के साथ रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय से उसका व्यवहार असामान्य हो गया है। परिवार के गम में वह नशा भी करने लगी है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। संबंधित पक्षों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की घटना गंभीर है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएगी।


## सार्वजनिक सूचना

जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) की कृषि भूमि (फार्म) झाल फार्म (11 बीघा), शमशान फार्म (35 बीघा) एवं बडौली फार्म (27 बीघा) को 02 वर्ष (2026-27) व (2027-28) के लिए कृषि कार्य हेतु ठेके पर देने के लिए दिनांक 17.03.2026 (मंगलवार) सायं 04:00 बजे तक निविदाए आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक कक्ष में निविदाए प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कॉलिज कार्यालय से सम्पर्क करें।

(डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह)
प्राचार्य

(वीरेन्द्रपाल सिंह)
अध्यक्ष. प्रबन्ध समिति

# डिलीवरी के बाद 'बेटा' बताकर दी बधाई

## सुबह गोद में मिली बेटी, परिजनों ने अस्पताल पर बच्चा बदलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद बच्चा बदलने का आरोप लगने से हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और मामले की जांच कर डीएनए टेस्ट कराने की मांग उठाई। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पीड़ित सोनू गर्ग ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी को डिलीवरी के लिए नौ मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दिन डॉक्टर ने ऑपरेशन कर डिलीवरी कराई। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद ओटी से बाहर आकर डॉक्टर ने परिवार को बधाई देते हुए बताया कि लड़का पैदा हुआ है। इसके बाद नर्सिंग स्टाफ ने भी परिवार को बधाई दी और मिठाई खिलाने तथा इनाम देने की बात कही। परिवार के अनुसार बेटे के जन्म की सूचना मिलने पर उन्होंने अस्पताल में मौजूद रिश्तेदारों और नर्सिंग स्टाफ को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई और स्टाफ को इनाम भी दिया। आरोप है कि करीब एक घंटे बाद नवजात को परिवार के सुपुर्द किया गया। सोनू गर्ग के परिवार का कहना है कि 10 मार्च की सुबह बच्चे के रोने पर जब उसकी दादी ने कपड़े बदले तो पता चला कि नवजात लड़का नहीं बल्कि लड़की है। यह देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए और खुशी का माहौल अचानक



असमंजस में बदल गया। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने उन्हें बताया कि रात में लड़की पैदा हुई थी और गलती से लड़का बता दिया गया। सोनू गर्ग ने आरोप लगाया कि 9 मार्च की रात ऑपरेशन के बाद अस्पताल के रजिस्टर में बच्चे का लिंग 'मेल' दर्ज किया गया था, लेकिन सुबह जब लड़की होने की बात सामने आई तो उसी रजिस्टर में 'मेल' के आगे 'फी' जोड़कर 'फीमेल' कर दिया गया। इसके बाद सोनू गर्ग ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और थाना देहात प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। इस मामले में डिलीवरी कराने वाली डाक्टर ने बताया कि ऑपरेशन उन्होंने ही किया था, लेकिन नर्सिंग स्टाफ की जल्दबाजी और लापरवाही के कारण गलतफहमी पैदा हो गई कि लड़का पैदा हुआ है, जबकि जन्म लड़की का हुआ था। डॉक्टर ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी गलती से रजिस्टर में लड़का दर्ज हो गया था। डाक्टर ने कहा कि वह जांच में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगी और नवजात लड़की ही पैदा हुई है। वहीं परिजनों ने सच्चाई सामने लाने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक पांडे से शिकायत की है और नवजात का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हुए हैं।

# महिला दिवस पर 30 महिलाओं को मिली सिलाई मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर धौलाना क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'सुपर 30' पहल के तहत 30 महिलाओं को सिलाई मशीनें और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का आयोजन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसायटी 'संदेश' द्वारा किया गया। सिलाई मशीन वितरण समारोह में धौलाना की नायब तहस. ीलदार दिव्यांशी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर हेड ब्यास आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।




संदेश संस्था की सचिव डा. पूनम सिंह परिहार ने बताया कि संस्था को सामाजिक कार्य करते हुए 32 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संस्था समाज के विभिन्न वर्गों के हित में करीब 32 कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिनका उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय के स्रोतों को मजबूत करना है। नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह ने 'सुपर 30' पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संदेश के सहायक प्रबंधक राहुल सक्सेना ने बताया कि 'सुपर 30' पहल का लाभ सपनावत, धौलाना, मुकीमपुर, ऊंचा अमीरपुर और रसूलपुर गांवों में संचालित नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को दिया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर मोनिका, मोनी शर्मा, सोनिया, चंदा शर्मा, अनिता, राधा, शिखा, रजनी सहित कई प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहीं।

# अफवाहों ने मचाई अफरा-तफरी, पिलखुवा की गैस एजेंसियों पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने की अफवाहों के बीच बुधवार को पिलखुवा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गैस की संभावित किल्लत की चर्चाओं से घबराए उपभोक्ता सुबह से ही विभिन्न गैस एजेंसियों पर पहुं. चने लगे, जिससे कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं और लोगों में बेचैनी व आक्रोश भी देखने को मिला। मीरापुर क्षेत्र स्थित भारत गैस एजेंसी पर भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने पहुंच गए। भीड़ बढ़ने और हंगामे जैसे हालात बनने की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने लोगों को समझाकर



स्थिति को नियंत्रित किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

इसी क्रम में परतापुर चौराहे पर स्थित निर्मल इंडियन गैस एजेंसी पर भी उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं मोदीनगर रोड स्थित एचपी गैस एजेंसी पर भी सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ती रही। भारत गैस एजेंसी पर पिछले दो दिनों से समय पर गैस सप्लाई नहीं पहुंचने के कारण लोगों में नाराजगी देखने को मिली। हालांकि दूसरी ओर निर्मल इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को लगातार गैस सिलेंडर की सप्लाई दी जा रही थी।

एजेंसी संचालक कार्तिकेय कौशिक ने बताया कि गैस की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की घबराहट में आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस का स्टॉक करने से बचें। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पहले 21 दिन बाद गैस बुकिंग की व्यवस्था थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। यह व्यवस्था पहले से लागू थी, जिसे संशोधित किया गया है। एजेंसी संचालकों के अनुसार सरकार ने गैस उत्पादन क्षमता में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की निगरानी भी कड़ी कर दी गई है। प्रशासन और गैस एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें, क्योंकि गैस की सप्लाई चेन पूरी तरह सुचारु है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाते है।

# तेल-गैस की किल्लत की अफवाह पर सख्त हुए सीएम, शुरू हुआ निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश में तेल और रसोई गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर जिला स्तर तक मॉनिटरिंग तेज कर दी गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही जिलों की पुलिस को पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की निगरानी करने के निर्देश दिए



गए हैं। आपूर्ति विभाग को गैस की दुकानों का सर्वे करने तथा जिला प्रशासन को गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। गैस का अवैध भंडारण या कालाबाजारी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद हापुड़ में भी प्रशासन सक्रिय हो गया है। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय पुलिस टीम के साथ विभिन्न गैस एजेंसियों, गैस गोदामों और पेट्रोल पंपों पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने एजेंसी संचालकों से बात. चीत कर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति और बुकिंग व्यवस्था की जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी ने गैस एजेंसी मालिकों को कालाबा. जारी न करने की सख्त चेतावनी दी। गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई और उन्हें निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में अवैध तरीके से सिलेंडर बेचने या भंडारण करने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की लगातार निगरानी की जा रही है। यदि कहीं भी कालाबा. जारी या अफवाह फैलाने की शिकायत मिली तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए कार्यालय पर गरजे शिक्षक, विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर जारी रहा। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने के दौरान शिक्षकों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से शिक्षकों की कई समस्याएं लंबित हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर उनका समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों में रोष बढ़ता जा रहा है। धरनास्थल पर मौजूद शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी



कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि जब शिक्षक अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद नहीं मिलते, जिससे समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। शिक्षक नेताओं ने कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि धरना-प्रदर्शन कल भी जारी रहेगा और बड़ी संख्या में शिक्षक इसमें शामिल होंगे। धरना-प्रदर्शन में देवेन्द्र शिशौदिया, नीरज चौधरी, राजेंद्र यादव, सतेंद्र शिशौदिया, अंशु सिद्धू, आनंद सैनी, अमित भाटी, सरिता, प्रज्ञा, शिल्पी जैन, संगीता सक्सेना, रीतू सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य जागरूकता की मिसाल बना सिम्स का महिला स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल (SIMS) में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से विशेष महिला स्वास्थ्य शिविर एवं समारोह का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में हापुड़ व आसपास के क्षेत्रों से आई सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण तथा विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का आयोजन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डा. पारिधि गर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ डाक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने मरीजों को परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने महिलाओं से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी समस्या होने पर तुरंत डाक्टर से परामर्श लेने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और गैर-शिक्षण स्टाफ ने भी भाग लिया। समारोह में डा. बरखा गुप्ता ने महिलाओं के सशक्तिकरण, समानता और समाज व राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. मेजर जनरल सी. एस. अहलूवालिया, महाप्रबंधक एन. वर्धराजन और निदेशक रघुवर दत्त ने भी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन ने भी चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान समुदाय सेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आगे भी निभाता रहेगा।



## एक नजर

### गैस महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरेगी आप, 14 को प्रदेशभर में होगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने बताया कि 14 तारीख को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा।

परतापुर रोड स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक और पत्रकार वार्ता में सीएम चौहान ने कहा कि एक ओर आम आदमी पार्टी है जिसने पंजाब में अपने वादों को पूरा करते हुए जनता को बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है, वहीं दूसरी ओर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें जनता को लाइनों में खड़ा करने पर मजबूर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले नोटबंदी और जीएसटी के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कोरोना काल में भी जनता को विभिन्न तरह की मुश्किलों से गुजरना पड़ा। अब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि होली के मौके पर गैस की कीमत बढ़ाकर सरकार ने जनता को महंगाई का तोहफा दिया है। सीएम चौहान ने कहा कि आने वाले दिनों में शादी-विवाह का सीजन शुरू हो रहा है और ईद का त्योहार भी नजदीक है। ऐसे में गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति की समस्या से आम जनता परेशान हो रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द गैस की कीमतों और आपूर्ति की समस्या का समाधान करे, ताकि लोगों को राहत मिल सके। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान अरुण शर्मा, इमरान खान, विनोद सैनी, राजीव शर्मा, चतर सिंह कलुआ, देवेंद्र सिसोदिया, बुद्ध प्रकाश एडवोकेट, शकील अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खुड़लिया गांव के जंगल में तेंदुआ होने का दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंभावली।** क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए के होने के दावे से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। खुड़लिया गांव के जंगल में ग्रामीणों ने सुबह के समय तेंदुआ देखे जाने का दावा किया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल व आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू कर दी। हालांकि टीम को कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है।

ग्रामीणों के मुताबिक सुबह कुछ लोग रोज की तरह खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जंगल की ओर एक तेंदुआ दिखाई दिया। अचानक जंगली जानवर को सामने देखकर ग्रामीण घबरा गए और वहां अफरा-तफरी मच गई। उसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत गांव लौटकर अन्य लोगों को सूचना दी और वन विभाग को भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। टीम ने जंगल और आसपास के खेतों में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वन विभाग के कर्मचारी इलाके में तेंदुए के पैरों के निशान और अन्य साक्ष्यों की तलाश कर रहे हैं, ताकि उसकी मौजूदगी की पुष्टि की जा सके। वन विभाग के दरोगा गौरव कुमार अपनी टीम के साथ पूरे इलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं। टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तेंदुआ किस दिशा में गया और वह अभी आसपास के इलाके में मौजूद है या नहीं। इसके लिए जंगल के रास्तों, खेतों और आसपास के बागों में भी निरीक्षण किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी करण सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है। विभाग पूरी तरह सतर्क है और इलाके की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि होती है तो उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घेर से भैंसा चोरी कर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंभावली।** क्षेत्र के हरोड़ा रोड स्थित किसान के घेर से चोर भैंसा चोरी कर ले गए। सुबह चारा डालने के लिए गए किसान को मामले की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित रिफाकत ने बताया कि उसने दो दिन पूर्व अपने भैंसे को घेर में बाध दिया था। वहां से घेर को बंद कर अपने घर चला गया। सुबह जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए पहुंचा तो देखा कि उसका भैंसा वहां नहीं था। पीड़ित ने भैंसे को काफी तलाश किया, लेकिन उसके भैंसे का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने बताया कि उसके भैंसे की रस्सी कुछ ही दूरी पर पड़ी मिली है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार का कहर, ब्रजघाट के पास दो ट्रकों की जोरदार टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित ब्रजघाट पलवाड़ा चेक पोस्ट के पास मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब दो ट्रकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गजरौला की ओर से ईंटों से भरा एक ट्रक आ रहा था। इसी दौरान सड़क क्रॉस करते समय दूसरे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को हाईवे से हटवाया। पुलिस की तत्परता से कुछ ही देर में जाम को खुलवा दिया गया और यातायात को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया। हादसे के दौरान किसी के हताहत न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हादसे की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# दरोगा भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण कराने को प्रशासन की सख्ती, 200 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली यूपी दरोगा (एसआई) भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा को नकल-विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, ट्रैफिक प्रबंधन और परीक्षा की गोपनीयता को लेकर किसी भी प्रकार की लाप.



रवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाए। प्रशासन के अनुसार जिले में परीक्षा के लिए नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। सभी नौ परीक्षा केंद्रों को तीन जोन में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक केंद्र पर कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी और जैमर लगाए जाएंगे, ताकि मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए नकल की किसी भी संभावना को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। परीक्षा की निगरानी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे घटनाक्रम पर नजर रखेंगे। जिला. धिकारी ने सभी केंद्रों पर हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे और जैमर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना है।

# मसूरी-धौलाना मार्ग बनेगा चार लेन, 70 करोड़ की परियोजना मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** धौलाना क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को शासन की मंजूरी मिल गई है। मसूरी-धौलाना-गुलावठी प्रमुख जिला मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 70 करोड़ रुपये से अधिक की लागत स्वीकृत की गई है। करीब 7.43 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को चार लेन बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।




वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मसूरी-धौलाना-गुलावठी प्रमुख जिला मार्ग के चैनल 5.070 से 12.500 तक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। इस परियोजना की कुल लंबाई 7.430 किलोमीटर है, जिसके लिए 7003.89 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) हापुड़ द्वारा कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाने में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग का सहयोग रहा है। धौलाना के विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने इस सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव रखा था। शासन से मंजूरी मिलने के बाद अब इस योजना को जल्द ही धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई है। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने बताया कि मसूरी से उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीसी) तक सड़क का चौड़ीकरण पहले ही चार लेन में किया जा चुका है। अब यूपीएसआईडीसी से धौलाना तक सड़क को चार लेन बनाया जाएगा,। इस परियोजना के पूरा होने से धौलाना क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह योजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बडा कदम साबित होगी।

# भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट व फायरिंग का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंभावली।** थाना क्षेत्र में खेत की बाउंड्री को लेकर हुए विवाद में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरोड़ा मोड़ निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नेता दीपक भाटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका एक खेत नए बाईपास सर्विस रोड सिंभावली में स्थित है। तीन मार्च को उन्होने अपने खेत की रेडीमेड बाउंड्री कराने के लिए मजदूर भेजे थे। इसी दौरान पड़ोसी खेत मालिक नत्थू सिंह निवासी ग्राम बढ़डा ने मजदूरों को गाली-गलौज कर बाउंड्री का काम रुकवा दिया। जब उन्होंने फोन कर इसका कारण पूछा तो आरोपी ने बाउंड्री नहीं होने देने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

बाद में बाउंड्री का कार्य करा दिया गया, लेकिन नौ मार्च की सुबह जब वह अपने ड्राइवर अमित और साथी रिजवान के साथ खेत पर बाउंड्री देखने पहुंचा तो नत्थू सिंह और उसके पुत्र पवन व सोनवीर बाउंड्री तोड़ते मिले। विरोध करने पर तीनों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि नत्थू सिंह ने गला दबाकर जान से मारने की को. शिश की, जबकि उसके दोनों बेटों ने भी मारपीट की। शोर सुनकर ड्राइवर अमित और साथी रिजवान मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया।

इस दौरान आरोपी पवन ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी और जब पीड़ित अपनी जान बचाकर गाड़ी की ओर भागने लगा तो उस पर फायर कर दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद दीपक भाटी ने थाने में तहरीर देकर नत्थू सिंह, पवन और सोनवीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

# जिम के बाहर युवक पर जानलेवा हमला

## तमंचे की बट व लोहे की रॉड से जमकर पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिम के बाहर एक युवक पर कई युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने तमंचे की बट और लोहे की रॉड से वार कर युवक को लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने नामजद समेत 10-15 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नारंग. पुर चौराहे की यह घटना 9 मार्च की सुबह साढ़े छह बजे की है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव घनसूरपुर निवासी विशेष यहां स्थित एक जिम में एक्सरसाइज करने के लिए आता है। घटना वाले दिन सुबह में लगभग 6:30 बजे जिम के पास खड़ा हुआ था। आरोप है कि उसी दौरान गाजियाबाद नंबर की कार के अलावा चार-पांच बाइकों पर सवार युवक वहां पहुंचे अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने तमंचे की बट और लोहे की रॉड से वार कर उसकी बेरहमी से पीटा। हमले में विशेष बुरी तरह लहूलुहान हो गया। वहीं, हमलावर अपने-अपने वाहनों से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल विशेष को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में शौर्य व रचित निवासी गांव चक्कालीलेट थाना रजबपुर, विशेष उर्फ शुभ निवासी गांव करौदी थाना नौगावां सादात,आर्दश निवासी गांव हाकमपुर तथा सार्थक निवासी गांव कालाखेड़ा थाना रजबपुर समेत इनके 10-15 अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। शुरुआती जांच में युवकों के दो गुटों के बीच रंजिश सामने आई है।

## रोजगार सेवक समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। गलत दिशा से आ रही अग्निशमन की गाड़ी ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी रघुवीर सिंह (रोजगार सेवक), हरिराज सिंह और मास्टर हुक्म सिंह मंगलवार की शाम करीब सात बजे संभल जिले के गांव सीकदरपुर में एक शोक सभा में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे नया थाना रहरा के पास पहुंचे, तभी हसनपुर की ओर से गलत दिशा में आ रही अग्निशमन की गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# कंक्रीट मिक्सर मशीन में घुसा टैम्पो, आठ घायल

## नौगांवा रोड पर हुआ हादसा, अनियंत्रित होकर टैम्पो कार से टकराया, यात्रियों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नौगांवा मार्ग पर कंक्रीट मिक्सन मशीन में पीछे से तेज रफ्तार टैम्पो घुस गया। हादसे के बाद टैम्पो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से भिड़ गया। हादसे में कई घायल हो गये। हादसा इतना भयानक था कि टैम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गची। टैम्पो में फंसे घायल चालक को लोगों ने किसी तरह कटर से काटकर बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब एक बजे एक ट्रैक्टर कंक्रीट मिक्सर मशीन लेकर नौगावां सादात से अमरोहा की ओर जा रहा था। उसी के पीछे एक टेंपो चल रहा था, जिसमें गांव बीलना निवासी नईमा खातून, अमरोहा शहर के मोहल्ला बड़ी बेगम सराय निवासी रजिया बेगम, चांदपुर निवासी आरती व कुसुम, गांव खेड़ा अपरौला निवासी अजहरुद्दीन, गांव धनौरी मीर निवासी यूसुफ सवार थे। गांव मखदुमपुर के पास अचानक टेंपो पीछे से कंक्रीट मिक्सर मशीन में जा घुसा। टक्कर लगते ही अनियंत्रित हुए टेंपो की सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। अमरोहा से नौगावां सादात की ओर जा रही कार



गांव आबी हाफिजपुर निवासी पीतांबर सिंह चला रहे थे। वह अपने रिश्तेदार सोमपाल और हरपाल सिंह के साथ बिजनौर जिले के गांव मंस. ूरपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि कार और टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टेंपो का अगला हिस्सा बुरी तरह दब गया और चालक उसमें फंस गया। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। शोर मचने पर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पहुंचे, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो में फंसे चालक को बाहर निकाला गया, इसके लिए गैस कटर से बोनट काटना पड़ा। बाद में सभी घायलों को उपचार के लिए शहर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया, यातायात सुचारु कराया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि हादसे में कुछ लोग घायल हुए हैं, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गजरौला में भी बनी गैस की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर में भी गैस की किल्लत होने लगी है। बुधवार को नगर की सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ता सिलेण्डर लेकर खड़े दिखाई दिए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस नहीं मिल पा रही है जबकि एजेंसी के कर्मचारियों का कहना था कि बुकिंग कराने के बाद गैस दी जा रही है। बता दें कि इस समय अमेरिका व इजराईल व ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। इस कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। हालांकि गैस कंपनियां और प्रशासन यह दावा कर रहा है कि गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन जमीनी हकीकत इससे जुदा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुक करने वाला नंबर बंद आ रहा है, जबकि यदि व्हाटस एप से गैस बुक कर भी दी गई तो गैस समय से नहीं मिल पा

**■ एजेंसियों के दफ्तरों पर सिलेंडर लेकर पहुंचे लोग**



रही है। बुधवार को नगर की काजला एजेंसी, गजरौला गैस सर्विस, अनिल भारत गैस आदि पर उपभोक्ताओं की कतार लगी रही। गजरौला गैस एजेंसी पर गैस नहीं आने के कारण उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल सकी। वहीं काजला व अनिल भारत पर बुक करा चुके उपभोक्ताओं को भी गैस काफी मुश्किल के साथ मिली। चौपला चौकी पुलिस ने भी एजेंसियों के कार्यालय पर मुआयना किया।

## एक नजर

### ग्रामीणों को समझाया पानी का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। बुधवार को सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने श्जल संरक्षणश विषय पर जन-जागरूकता अभियान चलाया। यह शिविर कांशीराम कॉलोनी, शेखुपुर झकड़ी में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रबंधक प्राचार्या ने स्वयंसेवकों द्वारा कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में रैली निकालवा कर ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन के महत्व को समझाया। इस अवसर पर डॉ. नसरे आलम, डॉ. भूपेंद्र शर्मा, डॉ. राजकुमार ने उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और श्रमदान में सहयोग दिया।

### छात्राओं को सिलाई-कढ़ाई की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'आत्मनिर्भर बेटियां' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अवनीश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न कौशलों की जानकारी दी गई। इस दौरान एलएनएस सुधा शर्मा और उनकी सहयोगियों ने स्वयंसेवियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, मेहंदी और कम्प्यूटर से जुड़ी बुनियादी जानकारी दी। साथ ही स्वयंसेवियों से साक्षात्कार के माध्यम से उनके कौशल और रुचि के बारे में भी जानकारी ली गई।कार्यक्रम में डॉ. ममता अग्रवाल, अनिल शिरोही, देवांग शर्मा सहित स्वयंसेवियों में पल्लवी, सोनी, दिशा, सानिया और गुंजन आदि मौजूद रहीं।

### स्वसं सेवकों को दिलायी स्वच्छता की शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। बुधवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रबंधक अशोक सैनी, प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया व स्टाफ ने सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक सफाई कर की। इसके बाद स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खान, योगेश त्यागी, डॉ. रूपा, निसार अहमद, जितेंद्र धनवान, शिवा सैनी, निशिन सैनी, रविंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन कम्पोजिट विद्यालय, फौंदापुर में 'कौशल विकास हेतु युवा' विषय के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बुधवार को टोली का नेतृत्व सानिया परवीन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल ने योगाभ्यास कराया गया। महिला आरक्षी आशा पाल एवं पीआरडी रजनी ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा से संबंधित 1090 वूमेन पावर लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा तथा 181 महिला हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने मेहंदी के डिजाइन बनवाए। प्रवक्ता डॉ. अनिल सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

# हज़रत अली बेहद सखी व बहादुर थे: नसीम

## तहसील वाली मस्जिद में जलसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चौथे खलीफा हजरत अली की यौमे शहादत पर तहसील वाली मस्जिद में जलसे का आयोजन किया गया। जिसका आगाज हाफिज शाने आलम की तिलावते कलामे पाक से हुआ। मंगलवार रात को तहसील वाली मस्जिद में हजरत अली की यौमे शहादत पर जलसे का आयोजन किया गया। जुबैर इब्ने सैफी, सूफी कमाल, शरफू अमरो. हवी ने नातिया व मनकबती कलाम पेश किए। मुफ्ती नसीम अहमद ने फरमाया कि फातह खैबर हजरत अली पर 19 रमजान को फज्र की नमाज मे इब्ने मुल्जिम मलून ने जहर में बुझी हुई तलवार से वार किया। 21 रमजान को आपकी शहादत ही गई। आप बेहद सखी और बहादुर थे। आपकी कयादत मे कई जंग मे फतह मिली। इसाले सवाब व मुल्क ओ मिल्लत की तरक्की, खुशहाली की दुआ के बाद जलसा सम्पन्न हुआ। कन्वीनर हाजी खुर्शीद अनवर व खलीफा अब्दुल माजिद खां, शमीम अहमद तुर्क ने सभी का शुक्रिया अदा किया। हाफिज मोहम्मद बिलाल, वसीम अहमद एड, भूरा, शहाबुद्दीन, शाहकार निजामी, डॉ. अनस, शोएब खां, डॉ, सुहैल, साजिद खां मौजूद रहे।



# शहर इमाम व सभासदों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ईद उल फितर के मद्देनजर सभासदों एवं शहर इमाम ने ईदगाह का निरीक्षण किया।

बुधवार को शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने पालिका सभासदों के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। शहरी इमाम ने बताया कि ईदगाह परिसर के भीतर सफाई कराई जायेगी। फर्श को धुलवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि ईदगाह की पुताई भी कराई जायेगी। शहर इमाम ने बताया पीने के पानी की व्यवस्था भी ईद उल फितर पर कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज से पहले फितरा अदा कर दें। उन्होंने हैसियत के मुताबिक गेहूं जो वह खजूर के हिसाब से फितरा अदा करने के बारे में भी बताया। शहर इमाम ने बताया जुमा के दिन ईद उल फितर की नमाज का समय बताया जायेगा। सभासद शाहनवाज अंसारी, हमजा अली, जावेद जरताब, लईक सैफी, अलीमुद्दीन ने बताया ईदगाह पर बेहतरीन तरीके से साफ सफाई कराई जायेगी। इस मौके पर नौशाद अहमद एडवोकेट, अकरम सैफी, फरजान सैफी, मोनिश अंसारी, डॉक्टर नूरुद्दीन, हाजी इरशाद आदि मौजूद थे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। क्षेत्र में आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार घायल हो गये। वहीं गंभीर रूप से घायल सतेन्द्र को नगर के सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के दौरान गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बुधवार की बीती रात्रि जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी सतेन्द्र कुमार पुत्र हरीराज सिंह बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से हसनपुर आया हुआ था। जहां से काम निपटाकर वह रात्रि में ही अपने घर को वापस जा रहा था। जहां रास्ते में रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली स्थित मार्ग पर आमने-सामने दो बाइकों को भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गये। गंभीर स्थिति देखते हुए सतेन्द्र कुमार को नगर के सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए घायल सतेन्द्र को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# अवैध रूप से संचालित ईट भट्टों को बंद कराया

## अग्निशमन व प्रदूषण विभाग ने की छापेमार कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों पर मंगलवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए छापेमारी की। नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी ने प्रदूषण विभाग, अग्निशमन विभाग और पुलिस टीम के साथ कई भट्टों का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान बिना मानकों के संचालित हो रहे भट्टों पर तुरंत रोक लगा दी गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भट्ठा संचालकों से प्रदूषण नियंत्रण, अग्नि सुरक्षा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी ली। कई भट्टों पर आवश्यक मानकों का पालन नहीं मिलता पाया। कहीं प्रदूषण नियंत्रण के नियमों की अनदेखी की



जा रही थी तो कहीं सुरक्षा के इंतजाम अधूरे मिले। इस पर नायब तहस. ीलदार ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे भट्टों पर पानी की बौछार कराकर उनका संचालन बंद करा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया। प्रशासन की टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना अनुमति या मानकों की अनदेखी कर चल रहे भट्टों को किसी भी हालत में संचा. लित नहीं होने दिया जाएगा। नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी ने बताया कि प्रदूषण और सुरक्षा नियमों का पालन कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि कोई भी भट्ठा संचालक नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समय-समय पर इस तरह के निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे ताकि पर्यावरण और जनसुरक्षा से कोई समझौता न हो। इस दौरान प्रदूषण विभाग, अग्निशमन विभाग और पुलिस टीम के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा होती रही।

# कुरआन पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का ज़रिया

## मस्जिद शेखचांद में तरावीह मुकम्मल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तराबीह की नमाज मे कुरान मुक्कमल हुआ। हाफिज नबील ने कुरआन की अहमियत बयान करते कहा की यह मुकद्दस किताब पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का जरिया है। इसमें मौजूद हर आयत सच्चाई, अमन और इंसान को उसके खालिक (रब) से जोड़ने का पैगाम देती है। इसके बाद दुनिया में अमन चैन, देश की खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ की गई। शहर के मोहल्ला मुल्लाना स्थित मस्जिद शेख चांद मे मंगलवार रात तराबीह की नमाज मे कुरआन ए पाक मुक्कमल हुआ। हाफिज नबील अब्बासी ने कुरान की अहमियत बयान करते कहा कि यह मुकद्दस किताब पूरी दुनिया के लिए हिदायत का जरिया है। इसमें मौजूद हर आयत सच्चाई, अमन और इंसान को उसके खालिक रब से जोड़ने का पैगाम देती है। रमजान माह में रोजा महज भूखे रहने का नाम नहीं है। बल्कि यह सब्र इबादत और अपनी नफ्स पर काबू पाने का तरीका भी है। यह महीना हमें गरीबों का दर्द महसूस करने और अल्लाह की राह में खुद को समर्पित करने मौका देता है। मस्जिद कमेटी ने हाफिज नबील की गुलपोशी भी की। दुआ में कौसर अली अब्बासी, महताब अब्बासी, नसीम खां, आदिल अब्बासी, अजहर, शहनवाज, हम्जा अब्बासी, अकबर मुगल, मुद्दसिर खान, इमदाद, महफूज, सलमान अब्बासी मौजूद रहे।

# जनपद में दो चरणों में होगी जनगणना

## मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जनगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण व गणना हेतु फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। उपजिलाधिकारी फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिए को समय से प्रशिक्षण में उपस्थित रहे और संबंधित समस्याओं का निराकरण करे।

बुधवार को जोया रोड स्थित पैनेसिया कालेज ऑफ फैशन डिजाइन में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू हुआ। मास्टर ट्रेनर अमल यादव, आलोक कुमार व जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के श्री व्यास नंदन प्रभारी अमरोहा द्वारा 32 फील्ड ट्रेनरों को प्रदान किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनगणना 2027 दो चरणों में होगी। 22 मई से 20 जून तक। प्रथम चरण में मकान सुचिकरण और मकानों की जनगणना जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना 9 से 28 फरवरी तक होगी जिसमे प्रत्येक व्यक्ति का विवरण दर्ज होगा। इसके बाद 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण राउंड चलाया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा जिले में फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# चमरौवा के पास तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में खौफ

**नौगांवा सादात**। क्षेत्र के गांव चमरौवा निवासी रवीश पुत्र समरपाल सिंह मंगलवार रात किसी काम से मंडी धनौरा गए थे। रात में लगभग 9:30 बजे वह कार में सवार होकर गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव में नहर के पुल के पास पहुंची तभी हेडलाइट की रौशनी में रोड किनारे कच्चे रास्ते पर एक तेंदुए को बैठा हुआ देख होश उड़ गए। तेंदुए को देखकर रवीश ने तुरंत अपने मोबाइल फोन से उसकी वीडियो बना लिया।

## अमरोहा में गैस की कमी नहीं, अफवाहों से बचें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया कि जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने लोगों से अपील की है कि गैस की कमी संबंधी अफवाहों पर ध्यान न दें और एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। गैस से जुड़ी शिकायत के लिए कंट्रोल रूम नंबर 05922-297122 जारी किया गया है।

# गैस व पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें: डीएम

- गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने को एजेंसियों पर सख्त निगरानी
- दैनिक स्टॉक की मॉनिटरिंग के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की तीनों ऑयल कंपनियों आईओसी, बीपीसी और एचपीसी तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने डीएम को बताया कि जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से चल रही है। साथ ही बताया गया कि भारत सरकार द्वारा गैस सिलेंडर की रिफिल अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए ओटीपी आधारित वितरण व्यवस्था लागू की गई है।

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए गैस एजेंसियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

एजेंसियों के दैनिक स्टॉक की मॉनिटरिंग करने के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने आम जनता से अपील की है कि जनपद में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में आपूर्ति और वितरण व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह, उपजिलाधिकारी तृप्ति, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक आईओसी हिमांशु शर्मा, मुकेश कुमार, हर्षित आर्या, स्वानिल सूर्यवंशी, रितेश जैन, सुशील कुमार वर्मा (एचपीसी), कार्तिक कुमार (बीपीसी), नितिन बिंदल (आईओसी) तथा आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ गरजा नगर पंचायत का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्रस्तावित रोड डालने के नोटिस पर अतिक्रमण खुद नहीं हटाने पर बुधवार को नगर पंचायत ने रोड पर किया गया अतिक्रमण बुलडोजर से हटा दिया। किसी ने विरोध नहीं किया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के पुराना कपड़ा बाजार पर नगर पंचायत के द्वारा सीसी रोड डालना प्रस्तावित किया गया है।रोड के दोनों ओर घर के सामने लोगो ने आगे तक स्लिप और पैड़ी बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। रोड स्वीकृत होने के बाद नगर पंचायत ने करीब करीब 15 दिन पहले सभी अतिक्रमण कारियों से खुद पैड़ी और सिल्प तोड़ने का नोटिस दिया था।साथ ही तीन दिन पहले माइक से अलाउंस भी कराया था।इसके बाबजूद लोगो ने अपने घर के सामने अतिक्रमण नहीं हटाया।जिस कारण बुधवार को नगर पंचायत कर्मियों ने रोड के दोनों तरफ घरों के सामने मौजूद सिल्प और पैड़ी जेसीबी से तोड़ दी। लोगों में अब इस बात की उम्मीद जागी है कि सड़क पर अतिक्रमण हटने से आवागमन में आसानी होगी क्योंकि इस मार्ग पर अतिक्रमण के कारण लोगों का निकलना मुश्किल था। रोड के चौड़ीकरण के कारण किसी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध नहीं किया।



ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कस्बा के मोहल्ला अंसारी में मौजूद कपड़ा बाजार चौक पर सभासद के प्रस्ताव पर रोड डालना स्वीकृत किया गया है। सूचना देने के बाद लोगो के द्वारा खुद अतिक्रमण नहीं हटाने पर बुधवार को नगर पंचायत ने कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटा दिया।

## एक नजर

### सड़क किनारे नारियल पानी बेच रहे युवक को कार ने रौंदा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव परचई निवासी 22 वर्षीय रिजवान पुत्र हसमत खां की मुजफ्फरनगर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सर्कुलर रोड पर एक कार का अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नारियल पानी बेच रहे रिजवान की दुकान में जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिजवान गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रिजवान सड़क किनारे नारियल पानी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।वहीं जब रिजवान का शव उसके गांव परचई पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिजवान दो भाइयों में सबसे बड़ा था और उसका छोटा भाई इमरान है। उसकी मां सकीना का बेटे की मौत के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि रिजवान अभी अविवाहित था। बुधवार उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### नाबालिग को भगा ले गया युवक चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक के खिलाफ नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को मुकेश पुत्र हरिशंकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकेश पुत्र हरिशंकर, ओमकार पुत्र नेमचंद, बाबूराम पुत्र नेमचंद और चुन्नीलाल पुत्र जोखेराम निवासीगण नगर पंचायत फरीदपुर, थाना बहेड़ी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है, और जल्द ही उसे बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर में अकेली महिला से अश्लील हरकत, दुष्कर्म की कोशिश एक सप्ताह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली महिला के साथ अश्लील हरकत और दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने घटना के करीब एक सप्ताह बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि चार मार्च को होली के दिन महिला का पति गांव में होली मिलने के लिए गया हुआ था। उस समय महिला घर में अकेली थी और चूल्हे पर बैठकर पूड़ी-कचौड़ी बना रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का रहने वाला रामचंद्र घर में आ गया और पूड़ी-कचौड़ी खिलाने की बात कहने लगा। महिला ने उसे प्लेट में पूड़ी-कचौड़ी दे दी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी और उसे जमीन पर गिराकर जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला के विरोध और चीखने-चिल्लाने पर घर में सो रहे बच्चे जाग गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद पीड़िता ने परिवार को जानकारी दी। करीब एक सप्ताह बाद महिला ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवक से कार सवार करीब तीन लाख रुपये कीमत के 35 किलो बाल छीनकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र में मानव बालों के कारोबार से जुड़े एक युवक से कार सवार लोगों द्वारा करीब तीन लाख रुपये कीमत के 35 किलो बाल छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज क्षेत्र के टडा गांव निवासी उमेश कुमार मानव बाल खरीदने और बेचने का काम करते हैं। उनके लोग अलग-अलग जगहों पर जाकर महिलाओं के सिर से टूटे हुए बाल खरीदते हैं और उन्हें इकट्ठा कर वह थोक में बेचते हैं।

उमेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जनवरी महीने में बाल खरीदने के संबंध में उसके पास प्रदीप नाम के व्यक्ति का फोन आया था। उसने थोक में मानव बाल खरीदने की बात कही। बातचीत के बाद करीब नौ हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से सौदा तय हो गया।

बताया गया कि उमेश के पास करीब 35 किलो बाल मौजूद थे। तय समय पर उन्हें लेने के लिए प्रदीप, फारुख, सूरज और चार अज्ञात लोग कार से पहुंचे। आरोप है कि जैसे ही वह बाल लेकर उनके पास पहुंचा, आरोपियों ने उसके हाथ से 35 किलो बाल छीन लिए और कार में बैठकर मौके से फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद तीन समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरीदपुर इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दरगाह आला हजरत पर मौला अली की याद में सजी महफिल

- 21वें रमजान पर हजरत अली की शहादत को किया याद
- तिलावत, नात-ओ-मनकबत और फातिहा के बाद हुआ इफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को रमजान के 21वें रोजे के मौके पर मजहब-ए-इस्लाम के चौथे खलीफा और पैगम्बर-ए-इस्लाम के दामाद हजरत मौला अली रजियल्लाहो अन्हु की शहादत की याद में दरगाह आला हजरत पर महफिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी के निवास पर दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खघन (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती में आयोजित हुआ, जिसमें मौला अली का दस्तरख्वान भी सजाया गया।



महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ। इसके बाद नात-ओ-मनकबत पेश कर हजरत अली को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। इस अवसर पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि हजरत अली की शहादत 21 रमजान 40 हिजरी को हुई थी। वह इल्म, बहादुरी और इंसाफ की मिसाल थे। वह दामाद-ए-रसूल, जन्नती जवानों के सरदार हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन के वालिद तथा खातून-ए-जन्नत के शौहर थे। उनकी शहादत इस्लामी तारीख का एक बड़ा नुकसान थी। उन्होंने कहा कि हमारे नबी का फरमान है कि "मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा हैं।" मुसलमान अगर अहले बैत से सच्ची मुहब्बत करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलें, तो यही असल कामयाबी का रास्ता है।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि रोजा इफ्तार से पहले फातिहा और दुआ की गई। इसके बाद सभी लोगों ने दरगाह सरपरस्त और सज्जादानशीन के साथ एक ही दस्तरख्वान पर बैठकर इफ्तार किया।

इस मौके पर मुफ्ती जईम रजा, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना बशीर-उल-कादरी, मौलाना अबरार-उल-हक, शाहिद नूरी, मंजूर रजा, औरंगजेब नूरी, मुजाहिद रजा, परवेज नूरी, अजमल नूरी, हाजी जावेद खान, ताहिर अल्वी, तारिक सईद, अब्दुल माजिद खान, शान रजा, इशरत नूरी, युनुस गद्दी, इरशाद रजा, खालिद नूरी, आल. नबी, सय्यद एजाज, सय्यद माजिद अली, आरिफ नूरी, सबलू अल्वी, नाजिम रजा गोलू, साजिद नूरी, नईम नूरी, हाजी फय्याज नूरी, काशिफ रजा, जावेद खान, रोमान रजा, रेहान कुरैशी, सुहैल रजा, हसीन अहमद, हाजी अजहर बेग, अजमल रजा, साकिब रजा, मुस्तकीम नूरी, मिर्जा जुनैद, समी रजा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मीरगंज कोतवाली की नई कोतवाल बनीं आईपीएस अंजना दहिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** हरियाणा की रहने वाली आईपीएस अंजना दहिया को उत्तर प्रदेश कैडर मिलने के बाद बरेली जिले में तैनाती मिली है। सहायक पुलिस अधीक्षक अंजना दहिया को थाना प्रभारी मीरगंज नियुक्त किया गया है। दिसंबर माह में उनकी पोस्टिंग बरेली में हुई थी और उन्हें मीरगंज कोतवाली का कोतवाल बनाया गया है। उन्होंने मंगलवार को मीरगंज कोतवाली पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह मुरादाबाद में प्रशिक्षण पर तैनात थीं।

आईपीएस अंजना दहिया ने बिना किसी कोचिंग के संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 134वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की थी। वह एक मजबूत सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता रिटायर्ड मेजर जनरल परमजीत सिंह दहिया भारतीय सेना में रहे हैं, जबकि उनके दादा मेजर आनंद सिंह दहिया भी सेना में सेवा दे चुके हैं। उनकी मां राजेश्वरी दहिया गृहिणी हैं और उनका एक भाई है। अंजना दहिया ने अपनी शुरुआती पढ़ाई शिमला के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल से दसवीं तक की। इसके बाद बारहवीं की पढ़ाई दिल्ली के धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से मनोविज्ञान में स्नातक और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से ही व्यावहारिक मनोविज्ञान में परास्नातक की डिग्री हासिल की। बताया जाता है कि अंजना दहिया ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी घर पर रहकर ही की और बिना कोचिंग के सफलता प्राप्त की।बुधवार को उन्होंने मीरगंज कोतवाली में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीरगंज क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध या गलत कार्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्यूटी में लापरवाही न बरती जाए और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

# जामा मस्जिद में डेढ़ बजे, रजा मस्जिद में साढ़े तीन बजे अदा होगी जुमा-तुल-विदा की नमाज

- 13 मार्च को देशभर में होगी अलविदा की नमाज
- ईद का चांद 19 मार्च को दिखा तो 20 को ईद, वरना 21 मार्च को मनाई जाएगी ईद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रमजान माह का आखिरी जुमा 'जुमा-तुल-विदा' या 'अलविदा' के नाम से जाना जाता है। इस साल 13 मार्च को शहर समेत पूरे देश में जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की जाएगी। इसको लेकर शहर की मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने बताया कि रमजान के आखिरी जुमे को जुमा-तुल-विदा कहा जाता है, जो रमजान के रुखसत होने का पैगाम देता है। इस दिन अन्य जुमों की तरह ही दो रकअत फर्ज नमाज अदा की जाती है, लेकिन इसकी अहमियत विशेष मानी जाती है। उन्होंने बताया कि यदि 19 मार्च को ईद-उल-फितर का चांद नजर आ जाता है तो 20 मार्च को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। लेकिन यदि उस दिन चांद दिखाई नहीं देता है तो 20 मार्च को रमजान का आखिरी जुमा मानकर फिर से जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की जाएगी और ईद-उल-फितर का त्योहार 21 मार्च को मनाया जाएगा। शहर की प्रमुख मस्जिदों और दरगाहों में नमाज के समय का ऐलान कर दिया गया है। किला स्थित जामा मस्जिद में मुख्य नमाज दोपहर 1:30 बजे अदा की जाएगी, जबकि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में साढ़े तीन बजे नमाज अदा होगी।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर की विभिन्न मस्जिदों में दोपहर 12:45 बजे से लेकर 3:30 बजे तक अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से नमाज में शामिल हो सकें। शहर की प्रमुख मस्जिदों में 12:45 बजे खानकाह-ए-वामिकिया, पीराशाह मस्जिद जसोली, पशुपति बिहार मस्जिद, कैंट स्थित हाथीखाना मस्जिद और लीची बाग की फैजाने मदीना मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। वहीं दोपहर 1:00 बजे दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां बाजार संदल खान, आजमनगर की हरी मस्जिद, कोतवाली की मोती मस्जिद, सिविल लाइंस की आवास विकास मस्जिद, कुतुबखाने की जहानी मस्जिद, मलूकपुर की लाल मस्जिद समेत कई मस्जिदों में नमाज अदा होगी। 1:15 बजे फूलवालान की नूरजहां मस्जिद, कटघर की हरे मीनार वाली मस्जिद, सुभाषनगर की साबरी मस्जिद, तिलियापुर की गौसिया मस्जिद और आजमनगर की मोलसिरी मस्जिद में नमाज का समय तय किया गया है। 1:30 बजे दरगाह बशीर मियां, कचहरी वाली मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद, स्टेडियम रोड की शाहदाना मुस्तफाई मस्जिद, बानखाना की खुदाबख्श मस्जिद और कटरा चांद खां की हाजी काले खां मस्जिद सहित कई स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी।

इसके अलावा 1:45 बजे घेर जाफर खान की मिर्जाई मस्जिद, रेलवे जंक्शन की नूरी मस्जिद और कुतुबखाना क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज होगी।

दोपहर 2:00 बजे दरगाह ताजुश्शरिया, दरगाह शाहदाना वली मस्जिद, सैलानी की हबीबिया रजविया मस्जिद, रेती की नक्शबंदियान मस्जिद और शाहमतगंज की कलंदर शाह मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद 2:30 बजे सिविल लाइंस की नोमहला मस्जिद, 2:45 बजे गढ़या की नूरी मस्जिद, 3:00 बजे खन्नू मोहल्ला की दादा मियां मस्जिद और 3:15 बजे बुखारपुरा की बुद्ध वाली मस्जिद व कटरा मानराय की यतीमखाना मस्जिद में नमाज का समय तय किया गया है। सबसे आखिर में 3:30 बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद, खानकाह-ए-नियाजिया और काकरटोला की नूरानी मस्जिद में जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की जाएगी। शहर भर के मुसलमानों में इस खास नमाज को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में नमाजियों के मस्जिदों में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनपद न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

- 14 मार्च को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत
- अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर 14 मार्च (शनिवार) को जनपद न्यायालय सहित सभी बाह्य न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके संबंध में जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी उमा शंकर कहार ने किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों से अधिक संख्या में मामलों के निस्तारण कराने पर जोर दिया गया। अपर सिविल जज (सीडी) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए गए वादों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में नोटिस की तामीला पुलिस प्रशासन या विभाग स्वयं करा सकते हैं, उन्हें शीघ्र तामील कराकर वादों का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया जा सकता है। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने आम जनता से अपील की कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कराएं। बैठक में डिप्टी सीएमओ पवन कपाही, एआरटीओ वैभव सोडी, बीएसएनएल के लेखाधिकारी अरविंद कुमार शर्मा, शिक्षा विभाग से तौसीफ अहमद, बीडीए से विनोद कुमार तथा कैनाल पेशकार विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।बैठक में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि दो मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

नंदगांव की एक महिला ने अपने मायके पक्ष पर सामान और रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्हें वापस दिलाने की मांग की।जनसुनवाई के बाद आयोग की सदस्य ने आंगनबाड़ी विभाग के कार्यक्रम में तीन महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया।इस दौरान कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत वार्ड में भर्ती सात नवजात बालिकाओं को बेबी क्लॉथ किट भेंट की गई और उनके माता-पिता को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गई। साथ ही 15 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के बाद सदस्य ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मीरगंज तथा ब्लॉक फतेहगंज के ग्राम कुरतरा स्थित वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सोनाली मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार, महिला थाना प्रभारी परमेश्वरी व निरीक्षक छवि सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### छात्रा प्रेमी संग हुई फरार, पुलिस ने दोनों को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घर से परीक्षा देने आई एक छात्रा मंगलवार को अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। देर शाम तक छात्रा के घर न पहुंचने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने नजदीकी बस्ती के रहने वाले युवक अरुण सक्सेना, उसके पिता समेत तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ छात्रा के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही छात्रा और उसके प्रेमी को जनपद पीलीभीत से बरामद कर लिया। इसके बाद दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार गुरुवार को छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, जिसके बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### संपत्ति के लालच में महिला की हत्या करने वाले पति व देवर गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने तथा उनकी गिरफ्तारी के क्रम में महिला की हत्या का खुलासा करते हुए थाना जहानाबाद पुलिस टीम द्वारा मंशाराम पुत्र डोरी लाल (पति) नि० ग्राम पन्सौली थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत लीलाधर उर्फ पप्पू पुत्र डोरी लाल नि० ग्राम पन्सौली थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत को थाना क्षेत्र के लालपुर चौराहा से गिरफ्तार किया गया है | 7 मार्च को ललिता देवी पत्नी बब्लू कश्यप निवासी ग्राम निगरा बहुआ मगरासा थाना भुता जनपद बरेली द्वारा शिकायत दर्ज करायी कि उनकी माता धनदेवी पत्नी मंशाराम निवासी ग्राम पंसौली थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत दिनांक 04.03.2026 को घर से बकरी चराने गई थीं |

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएम योगी की मां पर टिप्पणी के विरोध में बहेड़ी में गौरक्षा दल का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम चतुर्वेदी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में बहेड़ी में गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील पहुंचकर नारेबाजी की, और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को सौंपा।

गौरक्षा दल के सदस्य केसर ग्राउंड में एकत्र हुए, जहां से उन्होंने जुलूस निकाला। जुलूस नैनीताल रोड होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कड़ी कार्रवाई की मांग की। तहसील पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मां के बारे में की गई टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि आरोपी मौलाना के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए तत्काल गिरफ्तारी की जाए। प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में गौरक्षा दल के तहसील अध्यक्ष मनोज गंगवार, देवेंद्र भास्कर, दिल्लीधर, धर्मवीर गंगवार, अजीत सिंह, विशाल सिंह, विष्णु मौर्य, आकाश गंगवार, संजय सिंह, संदीप मिश्रा, सिवा सिंह, अनिल शर्मा और अर्जुन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड: राजस्व में 6वें और विकास कार्यों में 11वें पायदान पर पहुंचा जिला

**71 जनकल्याणकारी योजनाओं में मिला ए ग्रेड, डीएम ने अधिकारियों के टीम वर्क को दिया श्रेय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) की ताजा रैंकिंग में जिले ने विकास के पैमाने पर लंबी छलांग लगाई है। विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर मॉनिटरिंग के दम पर जनपद ने राजस्व कार्यों में पूरे प्रदेश में 6वां और विकास कार्यों में 11वां स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि ने जिले के प्रशासनिक कामकाज की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया है। वहीं डीएम ने भी अधीनस्थों को बधाई दी है। जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने में भी बेहतरीन प्रगति दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुता. बिक, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत कुल 71 योजनाओं में जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ए ग्रेड मिला है। इनमें मुख्य रूप से ये विभाग और योजनाएं ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, कृषि एवं ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज और नमामि गंगे, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी), समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, दुग्ध विकास, पशुधन और मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा सहकारिता विभाग शामिल हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी विभागों के शानदार टीम वर्क, समर्पण और योजनाओं के जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन का ही नतीजा है। डीएम ने कहा कि जिले को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए आगे भी इसी तरह आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। ताकि आम जनता को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का अधिकतम और सीधा लाभ मिल सके।

# कबाड़ सरकारी वाहनों से रेहड़ी-पटरी वालों को मिला स्थायी वेंडिंग जोन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** शहर में अतिक्रमण और जाम का कारण बनने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को अब स्थायी और सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है। नगर पालिका परिषद रामपुर ने निष्प्रयोज्य (कबाड़) सरक. ारी वाहनों को मोबाइल वैनशॉप में तब्दील कर पीएम स्वनिधि योजना के तहत फोटो चुंगी के पास 08 वैनशॉप्स वाला सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विक. सित किया।

जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने उद्घाटन कर प्रत्येक वैनशॉप का निरीक्षण किया और दुकानदारों से जानकारी ली। अब इस जोन में कपड़े, फास्ट फूड, खाने-पीने की वस्तुएं और बच्चों के खिलौने सहित कई उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में शहर में और भी ऐसे वेंडिंग जोन विक. सित किए जाएंगे ताकि रेहड़ी-पटरी संचालकों को स्थायी रोजगार मिल सके और शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाकर सम्मानजनक स्वरोजगार सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा और अधिशासी अधिकारी नगर पालि. का परिषद दुर्गेश्वर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# थाना एएचटीयू और चिकित्सालय टीम ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना AHTU पुलिस व जिला चिकित्सालय की संयुक्त टीम द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत रोड़वेज, रेलवे स्टेशन, स्कूल कॉलेज के गेट के 200 मीटर के अंतर्गत व सार्वजनिक स्थान पर तम्बाकू गुटखा बीड़ी सिगरेट बेचने वालो के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें कोटपा अधिनियम के धारा 6(।) व 6(B)के अंतर्गत 08 दुकानदारों के चालान कर 3200 रुपए जुर्माना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की गई ।

# महिला से छेड़छाड़,धमकाने, घर पर पत्थर फेंकने का आरोप मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने छेड़छाड़ और धमकाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके परिवार को तलवार दिखाकर धमकाया और घर पर पत्थर भी फेंके।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लगभग दो महीने पहले उसके जीजा का टिंकू पुत्र बेनीराम से किसी बात पर विवाद हो गया था। इस विवाद के बाद टिंकू और उसके भाई ने पीड़िता के जीजा के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। इसी दौरान उन्होंने पीड़िता के साथ भी छेड़छाड़ करने और उसके नाजुक अंगों को छूने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर वे वहां से चले गए थे। पुरानी रंजिश के चलते, 5 मार्च 2026 को टिंकू, उसका भाई नेक्पाल, पिता बेनीराम और दो अज्ञात व्यक्ति दोबारा पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के पिता की गर्दन पर तलवार रख दी।आरोपियों ने पीड़िता को धमकी भी दी है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल, दो रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** मंगलवार देर रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार, शाहबाद के मोहल्ला अफगनान निवासी रियाज किसी काम से जा रहे थे। शाहबाद थाना क्षेत्र के तुरखेड़ा निवासी सतबीर की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों रियाज और सतबीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया।इसी दौरान, कासम नगला निवासी मंगलेश भी एक अन्य सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।रियाज और सतबीर की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# संजय कपूर ने आजम खान के परिवार से की शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर:** पूर्व विधायक संजय कपूर ने जिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद मोहम्मद आजम खान के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी श्रीमती तंजीम फातिमा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने आगामी होली और ईद उल फित्र की शुभकामनाएं भी दीं।

संजय कपूर ने कहा कि यह मुलाकात शिष्टाचार और संवाद के उद्देश्य से हुई, ताकि रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारा कायम रहे। हालांकि राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को इंडिया गठबंधन और भविष्य के राजनी. तिक समीकरणों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा "निक्कू पंडित" सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# रामपुर: मस्जिद गोसिया मदरसा जामिया हमीदिया में मुकम्मल हुआ कुरान ए करीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शौकत अली रोड स्थित मस्जिद गोसिया मुतसिल मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम में रमजान की नमाजे तरावीह के दौरान तिलावत ए कुरान ए करीम मुकम्मल हुई। इस मौके पर हाफिज रियाज कादरी ने कुरान सुनाया और कारी मो. इदरीस आलम ने कुरान सुनने के फराइज अंजाम दिए।

नाजिम मदरसा व मुतावल्ली मस्जिद मो. अजहर कादरी ने तरावीह की नमाज में कुरान सुनाने को हाफिज के लिए खुशनसीबी बताया और शबे कद्र की मुकद्दस रातों में इबादत की अहमियत पर प्रकाश डाला। इसके बाद मेहमान कारी मौ. अब्बास ने कुरान ए करीम की फजीलत बताते हुए कहा कि हर मोमिन के लिए कुरान पढ़ना और उसके बताए रास्ते पर अमल करना जरूरी है। मौलाना इस्लाम साहब ने नमाज की अहमियत और रमजान की फजीलत पर बयान दिया। अंत में मुफ्ती अकरम कादरी ने देश में अमन-ओ-सुकून, सभी की सेहत और सलामती के लिए दुआ करते हुए मदरसा और मस्जिद के लिए खास मगफिरत की दुआ की। मुकम्मल ए कुरान के मौके पर कमेटी के सदस्य, हाफिज महमूद हसन, सदर सय्यद सो. हराब मियां, डॉ. सुल्तान सैफी, हाजी आफताब उल हसन, अली यूसुफ अली, सरताज अहमद, शाहिद चिश्ती, शाहिद कुरैशी, मोहम्मद मियां कादरी, हाफिज मो. जीशान कादरी, हाफिज मो. जफर, हाफिज मो. बिलाल और अन्य तमाम हाजरीन मौजूद रहे और सवाब ए दारेन हासिल किया।



# मारपीट से तंग आकर महिला ने नशेड़ी पति पर कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आए दिन नशेड़ी पति द्वारा की जाने वाली मारपीट से तंग आकर महिला मायके जाकर रहने लगी। इसके बाद पति जान से मारने की धमकी देने लगा। तंग आकर महिला ने पति के खिलाफ टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर निवासी रमनदीप कौर का कहना है कि वर्ष 2019 में उसका विवाह उत्तराखंड के बाजपुर कोतवाली के ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी संदीप सिंह के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय तक तो सब ठीक रहा लेकिन दो साल से संदीप नशा करने लगा। हर वक्त नशे में रहने के कारण घर में तोड़फोड़ करता। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता। जानकारी होने पर मायके वालों ने कई बार संदीप को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। आए दिन नशे में उसे बुरी तरह से पीटता। थकहार कर वह अपने बेटे को लेकर मायके में आ गई। इसके बाद संदीप जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता की तहरीर पर टांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कस्तूरबा विद्यालयों की 400 छात्राएं शैक्षिक भ्रमण पर दिल्ली रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर:** जनपद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की करीब 400 छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए दिल्ली भेजा गया। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में सैदनगर, चमरौआ, शाहबाद और मिलक स्थित विद्यालयों की छात्राएं आठ बसों से रवाना हुई। भ्रमण के दौरान छात्राएं लाल किला, इंडिया गेट और अक्षरधाम मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों का दौरा कर देश की विरासत और संस्कृति से परिचित होंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए हर बस में महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात की गई है, जबकि शिक्षकों की निगरानी में पूरा भ्रमण कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को किताबों के साथ-साथ वास्तविक ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना है।

# रामपुर में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर तंबाकू विरोधी अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर आज जनपद रामपुर में तंबाकू विरोधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश और डॉ. संतोष कुमार द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबा. कू मुक्त जीवन की शपथ दिलाकर हुई। सभी उपस्थित लोगों ने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली और हस्ताक्षर कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. सी. सक्सेना के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय में एक जुर्माना अभियान चलाया गया। धूम्रपान करते पाए जाने वाले व्यक्तियों को जुर्माना किया गया और उन्हें तंबाकू संबंधी रोगों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, सभी वार्ड इंचार्ज को तंबाकू मुक्त रामपुर निर्देशिका प्रदान की गई, जिसमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जानकारियां उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में थाना एएचटीयू की टीम के साथ जनपद में तंबाकू विक्रेताओं की जांच की गई। विशेष रूप से स्कूलों के आसपास तंबाकू बेचने वाले 22 विक्रेताओं को चेक किया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस अभियान के माध्यम से प्रशासन ने रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अगर आप चाहें तो मैं इसे अखबार के लिए और भी छोटा और हेडिंग वाला संस्करण भी बना सकता हूँ, ताकि आसानी से शीर्षक और मुख्य खबर के तौर पर प्रकाशित किया जा सके।

# फसल को पानी लगाने के लिए खेत पर खड़ा पानी का इंजन चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** क्षेत्र के गांव मिलक खोद मे पानी लगाने के लिए खड़ा पानी का इंजन मंगलवार की रात खेत पर से चोर चुराकर लेगये इंजन गायब देख किसान के होश उड़ गए किसान ने इंजन को काफी तलाश किया लेकिन कही कोई सुराग नही मिला किसान ने खेत पर से पानी के इंजन की चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दी है मिलक खोद निवासी छोटे ने चौकी पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि गांव मिलक के करीब उसका खेत है जिसपर उसने फसल को पानी लगाने के लिए पानी का इंजन खड़ा कर रखा था मंगलवार की रात किसी समय उसके पानी के को चोर चुराकर ले गए इसकी जानकारी उसको बुधवार की सुबहा जब वह खेत पर गया तब लगी उसने को काफी तलाश किया लेकिन इंजन कोई सुराग नही लगा किसान छोटे ने पानी के इंजन चोरी की तहरीर पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है/

# रामपुर में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि जनपद में घरेलू गैस की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और सभी 45 गैस एजेंसियों पर पर्याप्त गैस उपलब्ध है। बरेली और काशीपुर स्थित बॉटलिंग प्लांट से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए डिजिटल बुकिंग और ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। अब उपभोक्ता डिजिटल बुकिंग के 03 दिन के भीतर दूसरी रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक बुकिंग पर 6 अंकों का डिजिटल प्रमाणीकरण कोड (DAC) मिलेगा, जिसे डिलीवरी मैन या गैस एजेंसी को बताना होगा।

गैस बुकिंग के लिए गूगल पे, फोनपे, पेटीएम, अमेजन, फ्लिपकार्ट, भीम ऐप, मिस्ड कॉल, एसएमएस और प्टै जैसी सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर महिला व उसकी बेटी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में रंजिशन पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी को पीट दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। महिला ने शोर मचाया तो अन्य लोग भी आ गए। जिस पर सभी धमकाते हुए चले गए। पीड़िता अपनी बेटी को लेकर सिविल लाइंस कोतवाली पहुंची और पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की आसरा कालोनी निवासी शबाना का कहना है कि उसका पति मजदूरी करता है। जिस कारण वह अक्सर घर से बाहर रहता है। घर में वह अपनी बेटी आरजू के साथ रहती है। पड़ोस में रहने वाली नगीना से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिस कारण वह रंजिश मानती है। सोमवार को रंजिशन नगीना अपने पति रेहान के साथ उसके घर में घुस आई और गालियां बकने लगी। विरोध करने पर दोनों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने के लिए जब बेटी आई तो उसके साथ भी मारपीट की। जिससे दोनों घायल हो गए। शबाना ने बचाव के लिए शोर मचाया तो अन्य कालोनी वाले भी आ गए। जिस पर दोनों धमकाते हुए चले गए। इसके बाद वह बेटी को लेकर सिविल लाइंस कोतवाली पहुंची और मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।

# ब्लैकलिस्ट ट्रांसपोर्ट मालिक पर रेडिको खेतान एजीएम के अपहरण का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रेडिको खेतान फैक्ट्री में कार्यरत सहायक महाप्रबंधक पवन कुमार अग्रवाल के साथ नौ मार्च को अपहरण का प्रयास किया गया। आरा. ेप है कि आरोपी राहुल नरुला, जो एक ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं, पवन कुमार द्वारा अपनी कंपनी को फैक्ट्री से ब्लैकलिस्ट किए जाने के कारण उनसे रंजिश रखता था।

पवन कुमार के अनुसार, वे दोपहर को घर से काम पर लौट रहे थे। उनके साथ फैक्ट्री के एजीएम अरविंद यादव भी थे। बरेली रोड के पास राहुल ने उनकी कार को जबरन रोक. कर उन्हें नीचे उतरने के लिए कहा। जब पवन कुमार नीचे नहीं उतरे, तो राहुल ने अपने साथी को कहा कि उन्हें कार से नीचे उतारकर अपनी गाड़ी में डाल लो। पवन कुमार ने विरोध किया और कार को पीछे किया, लेकिन आरोपियों ने धमकाते हुए अपहरण करने की कोशिश जारी रखी। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ बढ़ते ही दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पवन कुमार अग्रवाल ने तुरंत सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने राहुल नरुला और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला पति सहित, सात पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपने ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि ससुराल वाले उसे कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते थे और उसके साथ मारपीट भी की गई।पीड़िता के अनुसार, उसकी शादी फरवरी 2016 में बरेली जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम अजमेर निवासी राजवीर पुत्र कल्लू के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी क्षमतानुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे और उसे अक्सर कम दहेज लाने के लिए ताने मारते थे।शादी के बाद पीड़िता ने एक बेटी और एक बेटे को जन्म दिया। इसके बावजूद ससुराल वाले उसे लगातार परेशान करते रहे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके देवर राम सिंह और वीरू उस पर बुरी नजर रखते थे और पति की अनुपस्थिति में उसके साथ अभद्र व्यवहार व अश्लील हरकतें करते थे। वर्तमान में पीड़िता शाहबाद स्थित अपने मायके मोहल्ला नालापार में रह रही है।पीड़िता का आरोप है कि 18 फरवरी 2026 को उसके देवर राम सिंह, वीरू, नन्दोई वीरेन्द्र, ननद लक्ष्मी और देवरानी पिंकी के भाई नन्हें व रोहताश उसके मायके शाहबाद आए। उन्होंने पीड़िता के साथ बुरी तरह मारपीट की और उसे जबरदस्ती घर से घसीटकर बाहर ले जाने का प्रयास किया। पीड़िता के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे आरो. पियों के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** पटवाई क्षेत्र के सहविया खुर्द गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठे के पानी भरे गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय मासूम वंश की मौत हो गई। वह अपने साथियों के साथ खेलते हुए भट्ठे पर पहुंचा था और पैर फिसलने से करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। करीब दो घंटे बाद भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों की नजर पानी में उतराते शव पर पड़ी, जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया। परिजन आनन-फानन में बच्चे को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने हादसे के लिए भट्ठा संचालक को जिम्मेदार ठहराते हुए हंगामा भी किया।

# बाइक का पहिया लगने पर घर में घुसकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। बाइक का पहिया लगने पर हुए विवाद में कुछ लोगों ने घर पर हमला कर दिया। सभी ने घर में मौजूद लोगों को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। परिजनों ने शोर मचाया तो भीड़ जुट गई, जिस पर सभी धमकाते हुए फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराने के बाद महिला ने सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की विवेक बिहार कालोनी निवासी आशा का कहना है कि उसका बेटा राजू घर का सामान लेने के लिए दुकान पर गया था। रास्ते में जजेज रोड बुलंद कालोनी निवासी वीर सिंह बाइक लेकर आ रहा था और उसका पहिया बेटे को लग गया था। जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। आशा के अनुसार उसके पति रामचंद्र को जब इसकी जानकारी हुई तो वह मौके पर गए और बेटे को समझाकर घर ले आए। इसके बाद वीर सिंह अपने भाइयों के साथ उसके घर पर आया और झगड़ा करने लगा। पति रामचंद्र ने समझाने की कोशिश की लेकिन वह लोग मारपीट करने पर आमदा हो गए। रामचंद्र को पिटता देख बेटे आए तो उनके साथ भी मारपीट की। जिससे सभी घायल हो गए। आशा के अनुसार उसने शोर मचाया तो क्षेत्रीय लोगों ने बीच-बचाव कराया। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। आशा की तहरीर पर वीर सिंह और उसके भाई पवन व विक्की के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# महिला जनसुनवाई: शिकायतों का त्वरित निस्तारण निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई में मा. राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुनीता सैनी ने महिलाओं की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें घरेलू विवाद, पारिवारिक उत्पीड़न और अन्य महिला-संबंधी मामले शामिल थे। सदस्या ने अधिकारियों को संवेदनशील और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी सफलता पर दो छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** जनपद की तहसील शाहबाद निवासी सुश्री गुलफिजा और तहसील बिलासपुर निवासी सुश्री रिया जैन को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी सफलता जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

इस अवसर पर छात्राओं से उनके परीक्षा अनुभव और तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त की गई और उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# जमात-उल-विदा व ईद-उल-फितर पर कानून व्यवस्था के लिए प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** जनपद में जमात-उल-विदा (अलविदा)/रमजान का अंतिम शुक्रवार 13 मार्च 2026 और ईद-उल-फितर 21 मार्च 2026 को सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रमुख मस्जिदों और ईदगाह में नमाज के दौरान भारी भीड़ और वाहनों की आवाजाही के मद्देनजर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। ईदगाह चौराहा, जामा मस्जिद, टाण्डा, सिविल लाइन, शाहबाद समेत अन्य क्षेत्रों में अलग-अलग अधिकारी अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे और कानून एवं शांति बनाए रखेंगे। नगर मजिस्ट्रेट और उप-मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं भ्रमणशील रहेंगे, किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई करेंगे और उच्चाधिकारियों को सूचित करेंगे। अधिकारियों को 24 घंटे मोबाइल उपलब्ध रखने और अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। त्योहारों के दौरान व्यवस्थाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर 9068309528, 0595-2350404 और व्हाट्सएप नंबर 9045299525 है। कंट्रोल रूम में शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभागीय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर उसकी जानक. ारी मुख्य कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएँ।

# अशोक सिंह को गायत्री परिवार के 16 जिलों की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर:** अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सिंह को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा नजीबाबाद जोन का सह-समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी के तहत अब वह 16 जिलों में संगठनात्मक गतिविधियों का समन्वय करेंगे। अशोक सिंह इससे पहले मुरादाबाद और मेरठ जोन की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उन्होंने सत्साहित्य प्रसार, संस्कार निर्माण और सामाजिक अभियानों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है। वह निर्मल गंगा जन अभियान के तहत कई जिलों में गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के प्रयासों से भी जुड़े रहे हैं। नजीबाबाद जोन में रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ सहित अन्य जिले शामिल हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मिशन को नई दिशा मिलेगी।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका के बीच नेमार ने गुस्सा निकाला

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार ने मिरासोल के साथ सैंटोस के अवे मैच के लिए टीम से बाहर किए जाने पर गुस्सा जताया, जिससे इस साल के फीफा वर्ल्ड कप से पहले उनकी फिटनेस पर नए शक पैदा हो गए हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी के मंगलवार रात के सीरी ए मैच में चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीद थी। ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने पहले कहा था कि नेशनल टीम के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी इस महीने के आखिर में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ वर्ल्ड कप वार्म-अप मैचों के लिए अपनी टीम का नाम बताने से पहले नेमार का हालचाल जानने के लिए मैच में आएंगे। लेकिन इस फैसले से यह चिंता बढ़ गई कि क्या बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार जून और जुलाई में होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार होंगे।

## अमेलिया की हैट्रिक से जीती न्यूजीलैंड

**डुनेडिन, वार्ता।** अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया।

'प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल जमिनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अभिषेक-ईशान की जोड़ी का जलवा

## आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए



**दुबई, वार्ता।** स्टार भारतीय लेफ्ट-हैंडर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय बैटिंग जोड़ी ने इस फॉर्मेट में पहले-दो स्थान हासिल किए हैं। किशन की नजर टी-20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बनने पर भी है। बॉलिग रैंकिंग में, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया, हालांकि वह 14 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, लेकिन उन्होंने बहुत ज्यादा रन दिए।

जबकि पेसर जसप्रीत बुमराह, जो फाइनल में 15 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने थे, एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि स्पिनर अक्षर पटेल और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 17वें और 46वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शर्मा के अभी 875 रेटिग पॉइंट्स हैं, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 गेंदों में 52 रन बनाने की वजह से वह अभी भी टेबल में टॉप पर हैं, जबकि किशन ने कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 52 रन और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 18 गेंदों में 39 रन बनाकर इंग्लैंड के फिल साल्ट और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

दोनों के बीच सिर्फ चार पॉइंट्स का फर्क होने की वजह से, किशन (871 पॉइंट्स) के पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और शर्मा की बराबरी करने और इस फॉर्मेट में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बैट्समैन बनने का भी मौका है। सितम्बर 2022 में, एक ही टीम के पिछले दो बैटर पहले दो पोजीशन पर पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। लेटेस्ट वीकली रैंकिंग अपडेट में न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सीफर्ट भी चार पायदान ऊपर चढ़कर करियर के बेस्ट छठे पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 58 और इंडिया के खिलाफ फाइनल में 52 रन बनाए थे। बड़े फायदे पाने वाले दूसरे खिलाड़ियों में इंग्लैंड के जैकब बेथेल हैं, जिनकी सेमीफाइनल में इंडिया के खिलाफ सेंचुरी ने उन्हें करियर के बेस्ट 16वें पोजीशन पर पहुंचा दिया है, और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन, जिनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफ नॉट आउट 97 रन की पारी और इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन के एक जैसे स्कोर ने उन्हें 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है। शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर) और विल जैक्स (आठ पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी आगे बढ़े हैं। बॉलिग रैंकिंग में, टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर खत्म करने के बाद भी, इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया है। उन्होंने नौ मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन बहुत ज्यादा रन दिए, खासकर पिछले हफ्ते के मैचों में।

## सैन्य विवाद की वजह से अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज स्थगित



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के खलिाफ अपनी आने वाली सीरीज, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है।

दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी-20 खेलने थे। एसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां, श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं।

हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतजाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

## ईरान की फुटबॉल टीम अभी भी फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है : जियानी इन्फेंटिनो



**वॉशिंगटन, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम अभी भी 2026 फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है।

उन्होंने टूर्नामेंट के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ सीधी बातचीत के बाद यह घोषणा की। इन्फेंटिनो के साथ बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान का इस गर्मी के विश्व. कप में हिस्सा लेने के लिए 'स्वागत' है, भले ही दोनों देश युद्ध में हों।

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट में इन्फेंटिनो ने कहा कि वह अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को ट्रम्प से मिले। इन्फेंटिनो ने कहा कि उन्होंने और ट्रम्प ने 'ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की। इन्फेंटिनो ने कहा कि बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहराया कि ईरानी टीम का अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वागत है।

# मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभाई: सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजई अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया।

- **कहा : निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल विश्व कप सफर को तय किया**

हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियां बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्य



भाई, क्या आप मजाक कर रहे हैं?' यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा, 'छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे?' उन्होंने कहा, 'सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो।

## द. अफ्रीका के चार तथा विंडीज के नौ सदस्य स्वदेश रवाना: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी बुधवार को कहा कि द.अफ्रीका के चार खिलाडी और परिवार के पांच सदस्य तथा वेस्टइंडीज दल के नौ सदस्य अपने-अपने देशों के लिए प्रस्थान हो चुके है। आईसीसी की ओर से आज अपरान्ह दी गई ताजा अपडेट में खिलाड़ियों के रवाना होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य फ्लाइट पकड़ चुके हैं और घर जा रहे हैं, उनके बाकी सभी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में निकलने वाले हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के दल में से, नौ सदस्य स्वदेश रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 अगले 12 घंटों में भारत से जाने वाली उड़ानों में बुक हैं।

## आईसीसी की पुरस्कार राशि से टी-20 विश्व कप टीमें हुई मालामाल

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को टी-20 विश्व कप 2026 में शामिल हुई सभी 20 टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर कुल 11-25 मिलियन यूएस डॉलर (एक अरब 39 करोड़ चार लाख 43 हजार) की पुरस्कार राशि के अंतिम विवरण की पुष्टि कर दी है। सह-मेजबान भारत खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनी है।

खिताब विजेता भारत को 2,639,423 डॉलर (24,28, 49,351 रुपये) और उप विजेता न्यूजीलैंड को 1,422,692 डॉलर (13,08,91,789 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका को 1,005,577 डॉलर (9,24,89,855 रुपये) और इंग्लैंड को 974,423 डॉलर (8,96,49,741 रुपये) राशि मिली है। विंडीज को 538,269 डॉलर (4,95,19,222 रुपये), पाक को 522,692 डॉलर (4,80,86,182 रुपये), जिम्बाब्वे को 491,538 डॉलर (4,52,20,103 रुपये), श्रीलंका को 475,962 डॉलर (4,37,87,155 रुपये), अफगानिस्तान को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये), ऑस्ट्रेलिया को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये),अमेरिका को 309,808 डॉलर (2,85, 01,248 रुपये) स्कॉटलैंड को 278,654 डॉलर (2,56,35,189 रुपये), आयरलैंड को 271,731 डॉलर , इटली को 256,154 डॉलर , नीदरलैंड को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), यूएई को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), नेपाल को 256,154 डॉलर (2,35, 62,748 रुपये), कनाडा को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये), नामीबिया 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) व ओमान को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है।

# टी-20 के बाद वनडे में भी पाक टीम फुस्स

- **पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने आठ विकेट से रौंदा, पाकिस्तान मात्र 114 रन ही बना सकी**



**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान का टी-20 विश्व कप में सुपर-8 चरण से बाहर होने का दुख अभी खत्म नहीं हो पाया था कि अब वनडे में भी उन्हें करारी शिकस्त मिली है। दरअसल, पाकिस्तान को बांग्लादेश ने पहले वनडे में आठ विकेट से रौंद दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह मुकाबला मीरपुर में खेला गया, जहां पाकिस्तान 30.4 ओवर में महज 114 रन ही बना सकी।

वहीं, बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेजबान बांग्लादेश सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। अगली आठ साझेदारियां दहाई का आंकड़ा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने नौ विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिब. जादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने सात ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर के हाथ 1-1 विकेट लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में चार रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, वार्ता।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई।

- **एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर रिपोर्ट देने को कहा**

एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। इस कदम के बाद, डिविजनल काउंसलर और पुराने क्रिकेट ऑर्गनाइजर ने भी काउंसलरनॉमिनेशन में कथित गड़बड़ियों, एड-हॉक कमेटियों के बनने और चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अधिकारों के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई और एनएससी को एक लेटर सौंपा। एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (जॉइंट सेक्रेटरी) मोहम्मद दोलोतुज्जमां खान ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर युवा और खेल राज्य मंत्री को अपनी रिपोर्ट देने को कहा। रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज एकेएम असदुज्जमां कमेटी को हेड करेंगे। दूसरे मेंबर युवा और खेल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम फकीर, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (डीबी एडमिन और साउथ) मोहम्मद नसीरुल इस्लाम, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एटीएम सईद उज्जमां और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट बैरिस्टर सालेह अकरम सम्राट हैं।



## महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सूर्यकुमार यादव व शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में न्यूघीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।


# जीत के साथ सिनर, सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

- **जानिक सिनर ने जोआओ फोन्सेका को 7-6, (6), 7-6, (4) से हराया**



**इंडियन वेल्स, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो युवा प्रतिभाओं के बीच बहुप्रतीक्षित पहली मुलाकात इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में खचाखच भरी भीड़ के सामने उम्मीदों पर खरी उतरी, जिसमें सिनर ने महत्वपूर्ण क्षणों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी क्वार्टरफाइनल उपस्थिति सुनिश्चित की।

सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की और एक और टाई-ब्रेक में जोरदार समापन करके जीत हासिल की। सिनर ने मैच के बाद कहा कि जोआओ एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है, अविश्वसनीय प्रतिभा है, दोनों तरफ से बहुत शक्तिशाली है। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगा कि जितना संभव हो उतना आक्रामक होने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। दूसरे सेट के अंत में मैंने थोड़ी तीव्रता कम कर दी लेकिन उसने वहां अविश्वसनीय टेनिस खेला।



- **आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया**

**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुक. ाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट ओपनिग सर्विस गेम से की।

हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तनाव के बीच महंगाई

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल ठिकानों पर हमलों के बीच ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल पार पहुंच गया, जबकि 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। सप्लाई बाधित होने से वैश्विक बाजार दबाव में हैं। भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों में महंगाई, बढ़ते आयात बिल और रूपए पर अतिरिक्त दबाव की चिंता बढ़ गई है। कतर के पेट्रोलियम मंत्री ने चार दिनों पहले चेतावनी दी थी कि क्रूड ऑयल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। अब यह चेतावनी हकीकत का रूप लेती लग रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के बैरियर को पार कर चुका है। इसमें एक ही दिन में 29 प्रतिशत की तेजी आई और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर पर है। ऑयल फैसिलिटीज पर हमला। दुनिया में पैदा होने वाले कुल क्रूड ऑयल का करीब एक तिहाई पश्चिम एशिया से आता है। अकेले होर्मुन स्ट्रेट से 20 प्रतिशत तेल की डिलिवरी होती है। इस रास्ते से व्यापार फिलहाल बंद है और इलाके में मौजूद ऑयल फैसिलिटीज भी निशाना बन रही है। पिछले दिनों कतर के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट और सऊदी अरब की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी पर ईरान ने हमला किया था। अब बहरीन की सरकारी कंपनी बीएपीसीओ ने भी कह दिया है कि वह अपने व्यापारिक वादे पूरे नहीं कर पाएगी। संघर्ष की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन बाधित हुई और उसी का असर क्रूड ऑयल पर दिख रहा है। अमेरिका-इसाइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से इसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और चिंता की बात है कि इसमें फिलहाल सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। उल्टे कई एक्सपर्ट्स को 1973 के क्राइसिस की याद आ रही है, जब अरब-इस्राइल युद्ध की वजह से क्रूड की कीमतें 300 प्रतिशत तक चढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज से गुजरने वाले तेल टैंकरों को सुरक्षा प्रदान कर सकती है, लेकिन मार्केट के रिएक्शन से जाहिर है कि उनकी बात पर किसी को भरोसा नहीं और यह आशंका भी बढ़ रही है कि संघर्ष लंबा चलेगा। शेयर बाजार पर भी यह डर हावी है। सोमवार को सेंसेक्स में 1.71 प्रतिशत और निफ्टी में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है। इसमें तेजी का मतलब है आयात बिल का बढ़ना। एक अनुमान के अनुसार, क्रूड ऑयल में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी से जीडीपी पर 0. 5 प्रतिशत तक का असर पड़ता है। ऑयल मार्केट जितने लंबे अरसे तक सामान्य से ऊपर रहेगा, भारत को उतना ही ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इससे देश के भीतर महंगाई बढ़ेगी और पहले से डॉलर के मुकाबले दबाव झेल रहे रूपए में और नरमी आएगी।

## परंपराओं और नियमों का उल्लंघन



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए प्रस्ताव में भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है, लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया था कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे, श्री रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था, सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए, लोकसभा में जब यह प्रस्ताव लाया गया था।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

# गुर्दों की खामोश पुकार : समय रहते पहचानें, जीवन बचाएं



योगेश कुमार गोयल

मानव शरीर की जटिल संरचना में गुर्दे (किडनी) ऐसे मौन प्रहरी हैं, जो शरीर के भीतर निरंतर संतुलन बनाए रखने का कार्य करते हैं। वे रक्त से विषैले अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं, शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाते हैं और लाल रक्त को. शिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ए अंग तब तक चुपचाप काम करते रहते हैं, जब तक कि इनमें गंभीर क्षति न हो जाए। यही कारण है कि गुर्दे की बीमारी को अक्सर 'साइलेंट किलर' या 'मूक महामारी' कहा जाता है। आज विश्व स्तर पर गुर्दे की बीमारियां तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार दुनिया में 85 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार की किडनी बीमारी से प्रभावित हैं और हर 10 में से 1 व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोगों को तब तक अपनी बीमारी का पता नहीं चलता, जब तक कि गुर्दों को गंभीर क्षति न पहुंच जाए। हर वर्ष लाखों लोग गुर्दे की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

इन्हीं चुनौतियों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को 'विश्व किडनी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को 'सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्यरू लोगों की देखभाल, ग्रह की रक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय न केवल किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है बल्कि यह भी बताता है कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशंस की संयुक्त पहल के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में किडनी रोगों के बढ़ते बोझ को कम करना, लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना था। आज यह अभियान सैंकड़ों देशों में मनाया जाने वाला एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थान, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

गुर्दे की बीमारी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होती है। शुरुआती चरणों में व्यक्ति को सामान्य रूप से कोई परेशानी महसूस नहीं होती लेकिन भीतर ही भीतर गुर्दों की कार्यक्षमता कम होती रहती है। यही कारण है कि विशेषज्ञ समय-समय पर किडनी की जांच कराने पर विशेष जोर देते हैं। साधारण रक्त और मूत्र परीक्षणों के माध्यम से गुर्दों की कार्यप्रणाली का आकलन किया जा सकता है और बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ लोगों में गुर्दे की बीमारी का जोखिम सामान्य से अधिक होता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति इस बीमारी के सबसे बड़े जोखिम समूह में आते हैं क्योंकि लंबे समय तक उच्च रक्त शर्करा और बढ़ा हुआ रक्तचाप गुर्दों की नाजुक फिल्टरिंग इकाइयों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अतिरिक्त मोटापा, हृदय रोग, पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान, बढ़ती आयु और कुछ दवाओं का लंबे समय तक उपयोग भी गुर्दे की बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विशेष रूप से नियमित जांच कराने की सलाह दी जाती है। गुर्दे की बीमारी के कुछ संभावित संकेत भी होते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लगातार थकान महसूस होना, पैरों या टखनों में सूजन, आंखों के आसपास सूजन, पेशाब के रंग या मात्रा में बदलाव, बार-बार पेशाब आना, भूख कम लगना, मतली या सांस फूलना जैसे लक्षण गुर्दों की समस्या की ओर संकेत कर सकते हैं। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि ए सभी लक्षण हर मरीज में दिखाई दें, इसलिए जांच को ही सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है। किडनी की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए कई प्रकार की चिकित्सीय जांचें उपलब्ध हैं। रक्त में क्रिएटिनिन स्तर की जांच और अनुमानित 'ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट' यह बताती है कि गुर्दे रक्त को कितने प्रभावी ढ़ंग से फिल्टर कर रहे हैं। इसके अलावा मूत्र परीक्षण के माध्यम से प्रोटीन या एल्ब्यूमिन की उपस्थिति का पता लगाया जाता है, जो गुर्दे की शुरुआती क्षति का संकेत हो सकता है। अल्ट्रासाउंड जैसे इमेजिंग परीक्षणों से गुर्दों की संरचना और किसी संभावित रुकावट, पथरी या सिस्ट का पता लगाया जा सकता है। यदि समय रहते गुर्दे की बीमारी का पता चल जाए तो अक्सर जीवनशैली में बदलाव और दवाओं के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन यदि बीमारी उन्नत चरण में पहुंच जाए तो डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण जैसी जटिल उपचार प्रक्रियाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। इसीलिए विश्व किडनी दिवस का प्रमुख संदेश है 'जल्दी पहचान, बेहतर उपचार।' गुर्दों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी जीवनशैली उपाय अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना गुर्दों को विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल हों, किडनी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन रक्तचाप को बढ़ा सकता है, जिससे गुर्दों पर दबाव पड़ता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी गुर्दे के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, तैराकी या साइकिल चलाना शरीर के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और रक्तचाप तथा रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने में मदद करता है। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन भी गुर्दों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इनसे दूर रहना चाहिए। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक और लंबे समय तक उपयोग भी किडनी को प्रभावित कर सकता है। नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का अनियंत्रित उपयोग गुर्दों पर दबाव डालता है, इसलिए किसी भी दवा का लंबे समय तक उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है।



पर्यावरणीय कारक भी किडनी स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। बढ़ता वायु और जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी और पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थ गुर्दों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। लंबे समय तक गर्म वातावरण में काम करने से शरीर में निर्जलीकरण और ताप तनाव बढ़ता है, जिससे गुर्दों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसी प्रकार प्रदूषित जल और रासायनिक पदार्थ भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता पर भी बल देता है। उदाहरण के लिए, डायलिसिस उपचार में बड़ी मात्रा में पानी और ऊर्जा का उपयोग होता है। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र में ऐसी तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाने की आवश्यकता है, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। बहरहाल, किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में समाज के प्रत्एक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार किडनी की जांच अवश्य करानी चाहिए। यदि बीमारी का प्रारंभिक चरण में ही पता चल जाए तो उचित उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से गुर्दों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। वास्तव में गुर्दे हमारे शरीर के ऐसे मौन संरक्षक हैं, जिनकी उपेक्षा गंभीर परिणाम ला सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किडनी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, पर्यावरण की रक्षा करें और ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो शरीर और प्रकृति दोनों के लिए लाभकारी हो। यदि हम समय रहते सचेत हो जाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें तो गुर्दे की बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता माहे रमजान



निर्मल रानी

पूरे विश्व में इन दिनों मुसलमानों की इबादत का पवित्र महीना रमजान पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस बात से सभी भलीभांति परिचित हैं कि धार्मिक नियमों व रीति रिवाजों का अनुपालन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के पूरे महीने के दौरान दिन भर रोजा (व्रत) रखते हैं और सारा दिन खाना पानी कुछ भी ग्रहण नहीं करते। सूर्योदय से पूर्व सहरी खाकर सूर्यास्त के बाद इफ्तारी कर रोजदार लोग अपना रोजा खोलते हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों या अपने अपने घरों में इबादत भी करते हैं। भारत में प्रत्एक वर्ष रमजान के दौरान हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच एकता की कई हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिलती हैं। ऐसी मिसालें निश्चित रूप से हमारे देश के भाईचारे, आपसी सहयोग और मुहब्बत का प्रतीक हैं। कहीं हिन्दू तो कहीं सिख रोजा इफ्तार करते हैं। तो कहीं मंदिर में इफ्तारी कर मुस्लिम भाइयों को कोई पंडित जी रोजा खुलवाते हैं। कहीं मुस्लिम लोग कुरआन की तरावीह (नमाज -इबादत) छोड़ कर पड़ोसी हिन्दू भाई के घर में लगी आग बुझाने पहुंच जाते हैं तो कहीं हिन्दू भाई बहन रोजा रखकर मुहब्बत का पैगाम देते हैं। जस्टिस मारकण्डे काटजू सहित देश के अनेक गैर मुस्लिम बुद्धिजीवी रमजान के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रोजा रखकर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देते हैं।

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती जिलों में एक हिन्दू परिवार के सदस्य माह-ए - रमजान में पांच रोजे रखते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक गांव में 40-50 हिन्दू रोजा रखते हैं और नियमानुसार सहरी व इफ्तार ग्रहण करते हैं। इन हिन्दू रोजदारों का कहना है कि यह उनके परिवारों की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी तरह राजस्थान के सीकर जिले के कांवट गांव में हिन्दू-सिख परिवार मस्जिद में 15 दिनों तक इफ्तार की दावत दे कर श्रद्धा, सद्भाव व प्रेम का सन्देश देते हैं। राजस्थान के कांवट में सिख परिवार भी हिन्दुओं संग मिलकर रोजदारों को भोजन कराते हैं। हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द का ज्वलंत उदाहरण चेन्नई के मायलापुर स्थित सूफीदर मंदिर में देखने को मिलता है। यहां गत 40 वर्षों से रोजा रखने वालों के लिए इफ्तार तैयार किया जाता है। यहां के पंडित और स्वयंसेवक मुस्लिम रोजदार भाइयों को इफ्तार कराकर उन्हें रोजा खुलवाते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा के अमर सिंह शाक्य जैसे हिन्दू 22 वर्षों से पूरे 30 रोजे रखते आ रहे हैं । उधर उत्तर प्रदेश के रामपुर में ही इस बार मुस्लिमों ने रोजा रखते हुए अपने हिन्दू साथियों के साथ मिलकर होली भी मनाई। बेशक ऐसे आयोजन व गतिविधियां विभिन्न आस्थाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाती हैं।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में रात के समय एक हिन्दू व्यक्ति के घर में रखे गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गई। उस समय पास की एक मस्जिद में अनेक मुस्लिम भाई रोजा इफ्तार के बाद तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। वे सभी पड़ोस से अचानक उठने वाले शोर शराबे से व्याकुल हुए। सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज तरावीह छोड़ दी और फौरन एक साथ मौके पर पहुंचकर न केवल आग बुझाने में मदद की बल्कि मस्जिद से पानी का भी पूरा उपयोग कर आग बुझाने में सफलता हासिल की। इन सबकी की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस इंसानियत भरी मिसाल ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को और मजबूत किया। जहां मुस्लिम भाइयों ने अपनी इस सेवा को ही सच्ची इबादत बताया वहीं हिन्दू पीड़ित परिवार ने भी यह कहा कि हम मुस्लिम भाइयों की इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे। देश के विभिन्न भागों से रमजान के दौरान इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक खबरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के नगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोजदारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिए इफ्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीटड्ूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफी लोक. प्रिय हो रही हैं। वे पिछले 4 वर्षों से लगातार रमजान के पूरे महीने पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर रोजदारों के लिए इफ्तार का इंतजाम कर रही हैं। वह हर दिन लगभग लगभग 300 से 350 रोजदारों को इफ्तार कराती हैं। नेहा भारती की श्रद्धा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे इफ्तार का सामान (पकवान) घर पर अपने हाथों से ही तैयार करती हैं और शाम को उसे लेकर स्वयं जामा मस्जिद पहुंचती हैं और रोजदारों में वही इफ्तारी पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ वितरित करती हैं। नेहा के साथ उनके परिवार के सदस्य और अनेक मित्र भी इन सब में उनकी सहायता करते हैं। पूरे रमजान के दौरान वह रोजाना इफ्तारी में अलग अलग तरह के पकवान बनाती हैं ताकि रोज इफ्तार करने वालों को अलग अलग तरह के पकवान मिल सकें ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम



रजनीश कपूर

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान द्ध।डब।ऋ को 5।5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करनाभारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टेल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्ध।प्क्ऱ के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमेरिका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा?

'एमका'कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन DRDO की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ADA ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि, 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। डा. संस्करण GEF414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि Mk2 को 110-120 kN थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य साझेदारों के साथ सह-विकासित होगा। 2026 तक, 'एमका' Mk2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्जा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे AI-संचालित इलेक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआउट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो पांचवीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका'में अपनाई जा रही नई स्टेल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टेल्थ का मतलब है रडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका'में डाइवर्टरलेस सुपरसो. निक इनलेट DSI, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत रडार-एब्जॉर्बेंट मटेरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं रडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। उदाहरण के लिए, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने हाल ही में एक नए इंटेक डिजाइन का विकास किया है, जो 98 प्रतिशत प्रेशर रिकवरी सुनिश्चित करता है, जो स्टेल्थ और इंजन दक्षता के बीच संतुलन भी बनाता है। यह तकनीक 'एमका'को चीनी श्र-20 या अमेरिकी F-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका'में 'इलेक्ट्रॉनिक पायलट' नामक AI-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ।प् खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, AI-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सेंसर फ्यूजन और नेटवर्क-सेंट्रिक वारफेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां AI स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां AI और स्टेल्थ निर्णायक कारक हैं।



रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है, और 'एमका'इस कमी को पूरा करेगा। स्टेल्थ और AI से लैस 'एमका'भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरेंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में, 'एमका' J-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी श्र-10 या JF-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका'भारत को क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा जो स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के F-22 और F-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका'की स्टेल्थ और AI विशेषताएं F-35 से तुलनीय हैं, लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका'की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के J-20 के खिलाफ, 'एमका'की उन्नत स्टेल्थ और AI बढ़त दे सकती है, खासकर स्।ब पर, जहांश्र-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका'की ।प् एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेन्स' NGAD या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंडिंग की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए। यह न केवल रक्षा बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**नई दिल्ली। देश में एलपीजी की 'भारी' कमी को लेकर पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पार्टी सांसद संजय सिंह और पार्टी नेता जैस्मीन शाह।**

## चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर को पेश किया

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को घरेलू स्तर पर विक. सित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा। इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती साधारण स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का केवल एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है।

## कश्मीर का प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च से खुलेगा

**श्रीनगर।** कश्मीर का प्रसिद्ध इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च को आगंतुकों के लिए खुलने के लिए पूरी तरह तैयार है। डल झील के किनारे स्थित एशिया के सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन को देखने के लिए अभी से हजारों दर्शक घाटी में आने लगे हैं। फ्लोरीकल्चर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस साल आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नई चीजें जोड़ी गई हैं। फ्लोरीकल्चर कश्मीर की निद. शक मथुरा मासूम ने बताया कि विभाग ने अतिरिक्त रंगों और किस्मों के साथ बगीचे को और अधिक आकर्षक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमने इस साल बगीचे को और सुंदर बनाने की कोशिश की है।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में 1300 से अधिक ईरानी मारे गए

## संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि ने कहा: 9669 नागरिक ठिकाने भी हुए नष्ट

**न्यूयॉर्क।** संरा में ईरान के राज. दूत और स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा गत 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल के सैन्य हमलों में ईरान में 1300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 9669 नागरिक ठिकाने नष्ट हो गए हैं।

इरावानी ने मंगलवार को प्रेस को दिए एक बयान में बताया कि नष्ट किए गए नागरिक ठिकानों में 7943 आवासीय घर, 1617 वाणिज्यिक और सेवा केंद्र, 32 चिकित्सा सुविधाएं, 65 स्कूल और शैक्षणिक संस्थान, रेड क्रिसेंट की 13 इमारतें और कई ऊर्जा आपूर्ति सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे (अमेरिका-इजरायल) जानबूझकर और अंधाधुंध तरीके से मेरे देश के नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई सम्मान नहीं कर रहे हैं और इन अपराधों को करने में कोई संयम नहीं दिखा रहे हैं। इरावानी ने कहा कि घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यह आंकड़ें वास्तविक नहीं हैं, इनमें बढ़ोतरी हो सकती है। ईरान के राजदूत ने नागरिक बुनियादी ढांचों पर हमलों का उल्लेख करते हुए बताया कि शनिवार रात तेहरान और अन्य शहरों में ईंधन भंडारण केंद्रों पर भारी हमले किए गए, जिससे वातावरण में बड़ी मात्रा में खतरनाक और जहरीले प्रदूषक फैल गए हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी का हवाला देते हुए इरावानी ने कहा कि इन विस्फोटों के कारण गंभीर वायु प्रदूषण हुआ और नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर स्वास्थ्य स्थिति वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ये जघन्य हमले अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय दायित्वों का भी उल्लंघन करते हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और जैविक विविधता पर कन्वेंशन के तहत आने वाले नियम शामिल हैं। इरावानी ने अन्य उदाहरणों का भी जिक्र किया, जिनमें शनिवार तड़के तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर हुए हमले शामिल हैं, जिससे कई नागरिक विमान और सुविधाएं नष्ट या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा होर्मोजगन प्रांत के केशम द्वीप पर एक मीठे पानी के संयंत्र पर हमला किया गया, जिससे 30 गांवों की जल आपूर्ति बाधित हो गई। प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि रविवार तड़के इजरायल ने लेबनान के बेरूत में रामादा होटल पर 'जानबूझकर आतंकवादी हमला' किया, जिसमें चार ईरानी राजनयिक मारे गए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य संप्रभु राज्य के क्षेत्र में राजनयिकों की लक्षित हत्या एक गंभीर आतंकवादी कृत्य, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है।



**■ घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है**

## नेटवर्क की तरह काम करता है ईरान का मोजेक डिफेंस सिस्टम

# लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच 12 दिनों से जंग जारी है। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए हैं। इसके बावजूद ईरान दावा कर रहा है कि वह लंबे समय तक जंग लड़ सकता है। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई है, जिसमें सेना का कमान किसी के पास नहीं बल्कि 7 छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दी गई है। इसके अलावा हर पद के लिए 4 संभावित उत्तराधिकारी पहले से तय कर दिए गए हैं। अमेरिका ने 28 फरवरी को खामेनेई के काम्प्लेक्स पर हमला किया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई की बहू और पोती भी मारी गई थीं। 1 मार्च को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि देश ने दो दशकों तक अमेरिका के युद्धों का अध्ययन किया है। इससे सीख कर ऐसा सुरक्षा ढांचा बनाया गया, जिससे राजधानी पर हमला होने के बाद भी लड़ाई जारी रहे। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई, जिसका नाम रखा 'डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस'। मोजेक का मतलब टाइल्स (छोटे-छोटे टुकड़ों) से बना हुआ डाइग्राम होता है। ठीक वैसे ही इस रणनीति में ईरान की पूरी सैन्य कमान और क्षमता को केंद्रीकृत नहीं रखा जाता, बल्कि 7 छोटे-छोटे, स्वतंत्र हिस्सों में बांट दिया जाता है। इससे अगर दुश्मन टॉप लीडरशिप, सेंट्रल कमांड सेंटर, या बड़े हेडक्वार्टर पर हमला करके उन्हें नष्ट भी कर दे, तब भी बाकी सिस्टम टूटता नहीं है और लड़ाई जारी रख सकता है। डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस इस्लामिक रिवाल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई है। यह पूर्व कमांडर मोहम्मद अली जाफरी (2007-2019) के समय विक. सित हुई। इस ढांचे में आईआरजीसी, बसीज मिलिशिया, नियमित सेना, मिसा. इल यूनिट, नौसेना और स्थानीय कमांड संरचनाएं एक नेटवर्क की तरह काम करती हैं। संचार टूटने की स्थिति में भी स्थानीय यूनिट्स को कार्रवाई की स्वतंत्रता रहती है। ईरान ने अलग-अलग संस्थाओं को अलग-अलग रोल दिए हैं।



**■ लीडरशिप 7 टुकड़ों में ताकत बांट रखी है, हर अहम पद के लिए 4 उत्तराधिकारी पहले से तय**
**■ सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए**

### 1 रेगुलर आर्मी (आर्टेश):

पहले झटके को सहन करती है। आर्मर्ड, मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री यूनिट्स दुश्मन के एडवांस हमलों को स्लो करती हैं। फ्रंट को स्टेबलाइज करती हैं।

### 2 एयर डिफेंस यूनिट्स:

छिपाव, धोखा और डिस्पर्सल (फैलाव) से दुश्मन की एयर सुपीरियरिटी को जितना हो सके रोकती हैं।

### 3 आईआरजीसी:

मुख्य रोल दूसरे स्टेज में। डिसेंट्रलाइज्ड आपरेशंस, घात, लोकल रेसिस्टेंस, सप्लाई लाइन्स डिसरप्ट करना, शहरों, पहाड़ों और रिमोट इलाकों में फ्लेक्सिबल गोरिल्ला वार।

### 3 बसिज मिलिशिया:

बसिज मिलिशिया: इसे 31 प्रांतों में डिवाइड किया गया है, लोकल कमांडरों को ज्यादा आटोनामी (स्वायत्तता) मिली है।

### 4 नौसेना:

नौसेना: फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एंटी-एक्सेस टैक्टिक्स, फास्ट अटैक क्राफ्ट, माइंस, एंटी-शिप मिसाइल्स से दुश्मन के जहाजों को तबाह करना। मिसाइल फोर्स (आईआरजीसी कंट्रोल: डिटरेंट और डीप स्ट्राइक-दुश्मन के इंफ्रास्ट्रक्चर और मिलिट्री टारगेट्स पर हमला। क्षेत्रीय नेटवर्क (प्राक्सी फोर्सेस-मिडिल ईस्ट में सहयोगी ग्रुप्स (जैसे हिजबुल्लाह, हूती आदि) जंग को ईरान की सीमाओं से बाहर फैलाते हैं, ताकि दुश्मन एक फ्रंट पर फोकस न कर सके। पूर्व ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 6 अक्टूबर, 2024 को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के एयरोस्पेस बल के कमांडर अमीर अली हाजीजादेह को आर्डर ऑफ विक्टर से सम्मानित किया था। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया और 2003 में इराक पर हमला किया। इससे सद्दाम हुसैन का हाईली सेंट्रलाइज्ड रिजीम कुछ ही दिनों में ढह गया। कमांड स्ट्रक्चर पर हमला हुआ और सब कुछ बिखर गया। ईरान ने देखा और सीखा कि सेंट्रल कमांड पर निर्भर रहना खतरनाक हो सकता है। ईरान ने अपनी सेना को और सेंट्रलाइज्ड नहीं बनाया, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा। ईरान जानता है कि दुश्मन की कन्वेंशनल ताकत (एयर पावर, टेक्नोलाजी, इंटेलिजेंस) ज्यादा होगी, इसलिए उसने सीधे मुकाबले के बजाए सर्वाइवल यानी जंग को लंबी खींचने और दुश्मन को थकाने वाली स्ट्रेटजी अपनाई।

## ईरानी दूतावास को सौंपें अमेरिकी हमले में मृतकों के शव: श्रीलंकाई अदालत

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने बुधवार को को आदेश दिया कि अमेरिकी हमले में मारे गए 84 ईरानी नागरिकों के शवर ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। इन शवों को फिलहाल गाले राष्ट्रीय अस्पताल के दो फ्रीजर कंटेनर्स में रखा गया है। गाले के मुख्य मजिस्ट्रेट समीर दोडांगोडा ने अस्पताल के निदेशक को आदेश दिया कि सभी शव ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। यह आदेश गाले हार्बर पुलिस के अनुरोध पर जारी किया गया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने बताया था कि अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना के डूबने के बाद 84 ईरानी नागरिकों के शव बरामद किए गए। यह घटना श्रीलंका के दक्षिणी तट पर गाले के पास हुई थी। यह जहाज विशाखापत्तनम से ईरान लौट रहा था। आईआरआईएस ने एक नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। इन शवों को बाकी बचे हुए 32 लोगों के साथ गाले के करापिटिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल लाया गया था। इससे पहले श्रीलंका सरकार ने कहा था कि हालात बेहतर होने तक शवों को देश में ही रखा जाएगा, ताकि बाद में उन्हें उनके देश भेजा जा सके।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित'

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेज. शकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ' हैं।

पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रें, जिनके 'उच्च स्तर पर संपर्क' हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इससे पहले कई अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था।



**■ राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन**

## ताकाइची की 'युद्ध नीतियों' के खिलाफ टोक्यो में भारी प्रदर्शन

टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की सरकार की सैन्य विस्तार की नीतियों के विरोध में मंगलवार रात टोक्यो में हजारों लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इन हजारों प्रदर्शनकारियों ने नेशनल डाइट (जापान की संसद) के बाहर जमा होकर मिसाइलों की तैनाती और घातक हथियारों के निर्यात में ढील देने के सरकारी फैसलों की कड़ी निंदा की। कड़ाके की ठंड के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने 'युद्ध को ना' और 'संविधान कुचलना बंद करो' जैसे नारों वाली तख्तियां थाम रखी थीं।

# ईरान की बैकों पर हमले की चेतावनी

## गूगल और माइक्रोसॉफ्ट भी निशाने पर

**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है।

ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध 'खतम अल-अंबिया' मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं। ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें। इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के 'वैध सैन्य लक्ष्य' हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।



**■ यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया**

## किम जोंग उन ने क्रूज मिसाइल परीक्षण का किया निरीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5000 टन वर्ग के 'चोए ह्योन' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया।

# लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 की मौत



**■ बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है**

**बेरूत।** लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रलय के अनुसार दक्षिणी लेबनान के अल-शहाबिया में रातभर चले हमलों में सात लोगों की मौत हुई और 11 अन्य घायल हुए।

पूर्वी लेबनान के बालबेक जिले के तमनीन अल-तहता क्षेत्र में हुए हवाई हमले में सात लोगों की मौत हुई है और 18 लोग घायल हैं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार दक्षिणी लेबनान के बित जुबैल जिले के सफ अल-हवा इलाके में एक एसयूवी पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। इसी तरह नबतिएह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि बेका घाटी के जलाया क्षेत्र में भी एक व्यक्ति के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अन्य ड्रोन हमलों में बराशीत और तिबनिन क्षेत्रें में कई लोग घायल हुए हैं। बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इसके अलावा अली अल-नहरी (बेका घाटी) में हुए हमले में पांच लोग घायल हुए हैं। लेबनान के सामाजिक मामलों के मंत्रलय के अनुसार इजरायली हमलों के बाद अब तक लगभग 7-8 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें से करीब 1-2 लाख लोग सरकारी राहत केंद्रों में रह रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना यूनिफिल ने सीमा से लगे अल्मा अल-शाब शहर से अपने कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। यह ईसाई बहुल शहर इजरायल सीमा के पास स्थित है, जहां इजरायली सेना की चेतावनियों के बावजूद कई निवासी अब तक वहां से नहीं गए थे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई कार्गो जहाज पर हमला, 20 लोग बचाए गए

बैंकॉक। ईरान इजरायल-अमेरिका युद्ध में महत्वपूर्ण हो चले समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड की एक कार्गो जहाज पर बुधवार को हमला होने के बाद चालक दल के 20 सदस्यों को बचाकर ओमान ले जाया गया है। रॉयल थाई नेवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसमें शामिल जहाज मयूरी नारी है और यह बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा की एक बंदरगाह से निकला था। होर्मुज इलाके में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे उस पर हमला हुआ। घटना के बाद, रॉयल थाई नेवी तुरंत बचाव कार्य में जुट गई। बचाए गए थाई चालक दल के सदस्यों को ओमान के खासाब पहुंचाया है। अधिकारी बाकी तीन सदस्यों की तलाश जारी रखे हुए हैं। थाई नौसेना ने कहा कि हमले की सही वजह की जांच की जा रही है।

# गंभीर मानवीय संकट से गुजर रहा है क्यूबा: संरा

## हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतित: स्टीफल

**न्यूयॉर्क।** क्यूबा में ईंधन की कमी ने एक मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिससे इस द्वीपीय देश की स्वास्थ्य प्रणाली एक नाजुक मोड़ पर पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतित हैं।

इसने ऊर्जा संकट को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र बिना किसी बाधा के क्यूबा तक सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका सहित सदस्य देशों के साथ बात. चीत कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि अस्पतालों को बार-बार बिजली कटौती, आवश्यक दवाओं की कमी और महत्वपूर्ण उपकरणों को चलाने में असमर्थता का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कैंसर उपचार, डायलिसिस, आपातकालीन सेवाओं, शिशु और मातृ देखभाल, कोल्ड-चेन सिस्टम के साथ-साथ पुरानी और गैर-जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं में भारी व्यवधान आ रहा है। कार्यालय ने बताया कि लगभग 16000 कैंसर रोगियों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता है और कीमोथेरेपी पर निर्भर 12000 से अधिक लोगों को बिजली कटौती और संसाधनों की कमी के कारण आवश्यक उपचार नहीं मिल पा रहा है। एम्बुलेंस को ईंधन पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे आपातकालीन देखभाल में देरी हो रही है। ओसीएचए के अनुसार, लगभग दस लाख लोग टैंकर ट्रकों द्वारा पहुंचाए जाने वाले पानी पर निर्भर हैं, जिनके लिए ईंधन की आवश्यकता होती है। पानी पंप करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक बुनियादी ढांचे बिजली पर निर्भर हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर और लंबे समय तक सेवा बाधित हो रही है। कार्यालय ने कहा कि उत्पादन से लेकर भंडारण और वितरण तक खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाएं तेजी से प्रभावित हो रही हैं। 'कोल्ड-चेन सिस्टम' विफल हो रहे हैं, परिवहन बाधित हो रहे हैं और देश भर में बुनियादी खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में कमी आ रही है। अमेरिकी प्रशासन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह क्यूबा में कुछ तेल की अनुमति दे रहा है, लेकिन इसे केवल निजी क्षेत्र को बेचा जा सकता है, सरकार को नहीं। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**■ अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था**



# खाड़ी देशों पर हमले को समर्थन नहीं

**बीजिंग।** चीन ने खाड़ी देशों पर हमलों का विरोध करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति बहाल करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की बात कही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को कहा कि चीन खाड़ी देशों पर हमलों का समर्थन नहीं करता है और नागरिकों तथा गैर-सैन्य लक्ष्यों पर होने वाले अंधाधुंध हमलों की निंदा करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में सबसे बड़ी प्राथमिकता शत्रुता और संघर्ष को और फैलने से रोकना है। चीन संबंधित पक्षों के साथ सहयोग बढ़ाकर क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के प्रयास जारी रखेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र में तनाव 28 फरवरी को उस समय बढ़ गया था जब अमे. रिका और इजरायल ने ईरान के कई ठिकानों, जिनमें तेहरान भी शामिल है, पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में भी तनाव बना हुआ है। दुबई से लगभग 50 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में बुधवार को एक मालवाहक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया, जिससे वह इस क्षेत्र में हाल के दिनों में निशाना बनाए गए तीसरे जहाज के रूप में सामने आया। ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) के अनुसार जहाज के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी पर्यावरणीय क्षति की सूचना नहीं है। इससे पहले ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप के उत्तर में एक कार्गो जहाज में आग लगने के कारण उसे खाली कराना पड़ा था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक अन्य जहाज भी क्षतिग्रस्त हुआ था।



**■ शांति बहाल करने पर काम जारी रखेंगे : चीन**

